

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 06 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-099 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## सामाजिक समानता के मामले में यूएस-चीन से आगे निकाला भारत

### वर्ल्ड बैंक के मुताबिक 2011 से 2023 के बीच 17.1 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर

**नई दिल्ली,6 जुलाई।** भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब भारत दुनिया के सबसे बराबर समाजों में से एक बन गया है। सामाजिक सामनता के मामले में उसने बड़े-बड़े दि ग्गजों को पीछे छोड़ दि या। वर्ल्ड बैंक के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस वजह से भारत दुनिया का चौथा सबसे बराबर समाज वाला देश हो गया है। इस लिस्ट में स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया और बेलारूस ही भारत से आगे हैं। सामाजि क सामानता में भारत ने चीन जैसे देशों को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन का गिनी स्कोर 35.7 है। भारत जी7 और जी20 के सभी देशों से भी आगे है। यह दिखाता है कि भारत में आर्थिक विकास का फायदा सभी लोगों तक पहुंच रहा है।

गिनी इंडेक्स से पता चलता है कि देश में आय कितनी बराबर बंटी हुई है। यह इंडेक्स 0 से 100 तक होता है। 0 का मतलब है कि सभी की आय बराबर है। 100 का मतलब है कि देश में बहुत ज्यादा असमानता है। भारत का स्कोर 2011 में 28.8 था, जो 2022 में 25.5 हो गया है। इससे पता चलता है कि पिछले दस सालों में भारत ने आय की असमानता को कम करने में सफलता हासिल की है।

भारत की इस सफलता का एक बड़ा कारण गरीबी को कम करने पर ध्यान देना है।



वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच 17.1 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। जो लोग हर दिन 2.15 डॉलर से कम पर गुजारा करते थे, उनकी संख्या 2011-12 में 16.2% थी। 2022-23 में यह संख्या घटकर सिर्फ 2.3% रह गई है। वर्ल्ड बैंक ने गरीबी की रेखा को 3.00 डॉलर प्रति दिन माना है। इसके अनुसार, 2022-23 में गरीबी दर 5.3% है।वर्ल्ड बैंक के अनुसार, भारत दुनिया का चौथा सबसे बराबर समाज बन गया है। इसका गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत ने जी7 और जी20 के सभी देशों को पीछे छोड़ दिया है। यह सफलता गरीबी को कम करने और सरकार की योजनाओं की वजह से मिली है। भारत आर्थिक विकास और सामाजिक समानता को साथ लेकर चल रहा है। यह दुनिया के लिए एक उदाहरण है।

## संक्षेप

### खराब मौसम के कारण सीएम साय का पंडरिया दौरा रद्द

**कवर्धा,6 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बहुप्रतीक्षित पंडरिया दौरा आज मौसम की खराबी के चलते रद्द कर दिया गया है. खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका. अब वे वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें कि सीएम साय को यहां महतारी अलंकरण सम्मान कार्यक्रम में शामिल होना था, साथ ही क्षेत्रवासियों को 72 करोड़ 70 लाख रुपये से अधिक की विकास सौगात देनी थी. दौरे के दौरान 61 विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण और कॉलेज छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों के संचालन की शुरुआत प्रस्तावित थी. इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, विधायक भावना बोहरा और बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी तय थी. कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैदान, पंडरिया में होना था, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई थी. हालांकि मौसम के कारण मुख्यमंत्री का दौरा रद्द करना पड़ा, अब वे इन कार्यक्रमों में वर्चुअली शामिल होंगे.

### दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बैन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**दिल्ली,6 जुलाई।** पुरानी हो चुकी गाड़ियों को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 10 साल से पुराने डीजल कार और 15 साल से ज्यादा पुरानी पेट्रोल कार पर प्रतिबंध के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है. सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की परेशानियों को सर्वोच्च अदालत के समक्ष मजबूती से रखेंगी. मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम एंड ऑफ व्हीकल से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर करेंगे. मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस संबंध में कमिश्नर ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को पत्र भी लिखा है, जिसमें योजना को रिवाइव करने की मांग की गई है.'दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट के सामने दिल्ली की जनता की गुहार रखेंगे और यह बताएंगे कि हमने प्रदूषण कम करने को लेकर क्या-क्या कदम उठाए हैं. हम दिल्ली के हक की लड़ाई लड़ेंगे.

## सरगुजा में आफत की बारिश !

### घरों में घुसा पानी, बर्बाद हुआ सामान, लोग कर रहे रतजगा

**अंबिकापुर,6 जुलाई।** सरगुजा में 10 घंटे की मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में हालात बेकाबू हो गए हैं। शहर के कुंडला सिटी, चांदनी चौक के महादेव गली में 3 से 5 फीट तक पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर लोगों ने किसी तरह रतजगा कर रात गुजारी। घरों में घुसे पानी ने घरों के सामान को बर्बाद कर दिया है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी घरों और कॉलोनियों में घुस गया, जिससे घरों में रखा सामान तो बर्बाद हुआ ही साथ ही गाड़ियाँ भी पानी में डूब गईं। कई गाड़ियाँ सुबह स्टार्ट तक नहीं हो सकीं। चांदनी चौक इलाके में पानी का बहाव इतना तेज था जैसे मानो कोई नदी बह रही हो। लोगों ने बुजुर्ग सदस्यों और बच्चों को किसी तरह सुरक्षित रखा मगर अपना सामान सुरक्षित नहीं रख पाए। सुबह हालात का जायज़ा लेने महापौर मंजूषा भगत अलग-अलग इलाकों में पहुँचीं, मगर उनके पास भी इसे लेकर कोई ठोस पहल नज़र नहीं आई। लोगों का कहना था कि इस तरह के हालात हर बार बनते हैं मगर इसे लेकर कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा। सुबह किचन में पानी भरे होने के कारण लोगों के घरों में भोजन भी नहीं बन पाया जिस वजह से सार्वजनिक रूप से भोजन बनाने की व्यवस्था की गई ताकि लोगों को भोजन कराया जा सके। ऐसे में समझा जा सकता है कि हालात किस तरह के हैं। प्रभावित इलाकों में हालात का जायज़ा लिया हमारे



संवाददाता अभिषेक सोनी ने। सरगुजा में "मूसलाधार बारिश" से कुंडला सिटी, चांदनी चौक, महादेव गली सहित कई इलाकों में 3 से 5 फीट तक पानी भर गया, जिससे घरों और गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। महापौर मंजूषा भगत ने प्रभावित इलाकों का जायज़ा लिया, लेकिन लोगों का कहना है कि "मूसलाधार बारिश" जैसी स्थिति हर साल बनती है और कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। हाँ, "मूसलाधार बारिश" के कारण घरों में पानी घुस गया, जिससे कई इलाकों में बिजली बंद करनी पड़ी और लोगों को पानी भरने, खाना बनाने में भी समस्या हुई। हां, कई इलाकों में सार्वजनिक रूप से भोजन वितरण की व्यवस्था की गई है ताकि जिन घरों में खाना नहीं बन पाया, वहाँ लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल स्थायी समाधान नहीं दिख रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा "मूसलाधार बारिश" से होने वाले नुकसान को कम करने हेतु पानी निकासी व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया गया है।

### उफनती नदी में गिरा बेकाबू ट्रक,5 लोग बाल-बाल बचे

**बलरामपुर.** छत्तीसगढ़ में मानसून अपने पूरे शबाब पर है. बलरामपुर जिले में जोरदार बारिश हो रही है, जिसके चलते गागर नदी उफान है. नदी में तेज बहाव के बीच पुल से सटकर पानी बहने रहा है. तेज बहाव के दौरान आयशर ट्रक पुल पार करते समय अनियंत्रित होकर नदी में पलट गया. ट्रक में चालक, परिचालक सहित कुल तीन लोग सवार थे, हालांकि राहत की बात रही कि वह सभी बाल-बाल बच गए. घटना राजपुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, आयशर ट्रक नदी के ऊपर से पुल को पार कर रहा था. इस दौरान नदी में तेज बहाव होने से पानी पुल से सटकर बह रहा था.



ट्रक अनियंत्रित हो गई और नदी में पलट गई. ट्रक में चालक-परिचालक समेत 5 लोग सवार थे. इस घटना में राहत की बात यह रही कि सभी बाल-बाल बच गए. स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी. ट्रैफिक रोकने या वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए. पुल पर भी कई गड्ढे हो गए हैं.

## अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ ने मचाई तबाही, 50 की मौत

**वॉशिंगटन,6 जुलाई।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में बाढ़ के चलते कोहराम मचा हुआ है। ग्वाडालूप नदी में अचानक पानी बढ़ने के चलते कई इलाकों पानी भर गया है और लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 50 से अधिक लोगों की बाढ़ के चलते मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान केर काउंटी में हुआ, जहां 15 बच्चों समेत 43 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ का पानी लोक्रप्रिय समर कैंप, कैंप मिस्टिक को तोड़ते हुए घुस गया। इस क्रिश्चियन कैंप से 27 लड़कियां लापता हैं, जिनकी तलाश में रेस्क्यू टीमें लगी हुई हैं। इस कैंप में सैकड़ों लोग रह रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, लगभग दो दर्जन कैंपर लापता हैं और लापता लोगों की संख्या का अनुमान नहीं लगाया जा सकता



है। उन्होंने बताया कि खोज और बचाव अभियान के लिए समय कम होता जा रहा है, लेकिन उन्होंने अधिक लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीद जताई। टेक्सास आपातकालीन प्रबंधन विभाग के प्रमुख निम किड ने कहा कि हवाई, जमीनी और पानी में मौजूद टीमें जीवित बचे लोगों और मृतकों के शवों की तलाश में ग्वाडालूप नदी में तलाश कर रही हैं।

ग्वाडालूप नदी का पानी केवल 45 मिनट में 8 मीटर तक बढ़ गया, जिसने स्थिति को बहुत विकराल कर दिया। एक सीसीटीवी वीडियो में नदी के पानी के अचानक बढ़ने का खौफनाक दृश्य कैद हुआ है।उन्होंने कहा कि हम तब तक खोज जारी रखेंगे जब तक कि सभी लापता लोग नहीं मिल जाते। सोशल मीडिया पर टेक्सास के वीडियो पोस्ट किए गए हैं, जिसमें भारी तबाही नजर आ रही है। जहां पहले घर हुआ करते थे, अब उन जगहों पर नंगे कंक्रीट के प्लेटफॉर्म दिखाई दे रहे हैं। नदी के किनारों पर मलबे के ढेर लगे हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि बचावकर्मियों ने लोगों को छतों और पेड़ों से निकाला।

### पहली बार नजर आए ईरान के प्रमुख नेता खामेनेई

**नई दिल्ली,6 जुलाई।** इजरायल से भीषण संघर्ष के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए.. ईरानी सरकारी टेलीविजन ने एक वीडियो प्रसारित किया, जिसमें खामेनेई को पारंपरिक काले कपड़े पहने हुए एक बड़े हॉल में प्रवेश करते दिखाया गया, जहां आशूरा के अवसर पर भारी भीड़ एकत्र थी. ये हॉल अक्सर महत्वपूर्ण सरकारी और धार्मिक आयोजनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है. समारोह में मौजूद लोग खामेनेई के प्रवेश पर नारे लगाते और उत्साह व्यक्त करते नजर आए.

## छत्तीसगढ़ का जीराफूल धान बना रहा अपनी अलग पहचान

रायपुर,6 जुलाई। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है. यहां धान की कई किस्में उगाई जाती हैं, जिनकी डिमांड देश ही नहीं विदेशों में भी है. इसमें से ऐसी ही एक धान की किस्म है, जिसका नाम है 'जीराफूल', इसकी खेती छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में की जाती है. जीराफूल धान बेहद पतला और छोटा होता है. इस चावल की खुशबू और मिठास अलग होती है. खुशबू के साथ-साथ इसका स्वाद लाजवाब होता है. जो बासमती को भी टक्कर देता है. इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि किसी घर में जीराफूल चावल को पकाया जाता है तो उसके आसपास के घरों तक इसकी खुशबू पहुंच जाती है. वहीं ये काफी महंगी मिली है. इसलिए इसे छत्तीसगढ़ का सबसे महंगा चावल है.

बता दें कि जीराफूल को 14 मार्च 2019 में GI टैग भी मिल चुका है. वहीं जीराफूल चावल स्वास्थ्य के लिए काफी सेहतमंद माना जाता है. इसके अलावा, यह चावल अन्य किस्मों की तुलना में जल्दी और आसानी से पच जाता है. इसी लिए



जीराफूल चावल की डिमांड देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक डिमांड रहती है.

जीराफूल चावल लगभग 120 दिन या 130 दिनों में तैयार हो जाती है. इसके अलावा, धान की खेती के लिए पानी भी काफी मात्रा में लगता है. इसी वजह से इस किस्म को गहरे खेतों में लगाया जाता है. ताकि पानी अधिक स्टोर हो सके.

## डॉ. मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 6 जुलाई.** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद्, ओजस्वी राष्ट्रवादी और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने अपने निवास कार्यालय में डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, निःस्वार्थ सेवा और अखंड भारत के प्रति अदम्य प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



वे दूरदर्शी राजनीतिज्ञ, प्रखर विचारक और शिक्षा, सामाजिक न्याय तथा राष्ट्रीय एकता के प्रबल समर्थक थे। उनके सिद्धांत और कार्य आज भी हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की एकता और संप्रभुता के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्वप्न एक आत्मनिर्भर, सशक्त और गौरवशाली भारत का था, जिसे साकार करने के लिए हमें उनके आदर्शों का सतत अनुसरण करना होगा। श्री साय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने वैचारिक स्पष्टता और सैद्धांतिक राजनीति की नींव रखकर भारतीय लोकतंत्र को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और राष्ट्र के विकास में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।

## नकली सीमेंट बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

बालोद. अगर आप भी घर बना रहे हैं तो सतर्क हो जाइए, क्योंकि निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सीमेंट नकली भी हो सकती है. छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में अल्ट्राटेक कंपनी का मिलावटी सीमेंट बनाकर बेचने का मामला सामने आया है. यहां राखड़ मिलकर अल्ट्राटेक कंपनी का मिलावटी सिमेंट तैयार किया जा रहा था. पुलिस ने जब रेड मारी तो बड़ी मात्रा में फ्लाई एश, अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया गया सीमेंट बैंग, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन और अल्ट्राटेक कंपनी लिखा हुआ खाली बैग बरामद किया गया. अल्ट्राटेक कंपनी के



फील्ड ऑफिसर विशाल मंडल ने थाने में शिकायत की थी. उन्होंने बताया कि ग्राम मोहदीपाट थाना अर्जुन्दा में स्थित वैभव ट्रेडर्स के संचालक विजय चन्द्र धाक अपनी फ्लाई एस ब्रिक्स कंपनी में अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का लगाकर मिलावटी सिमेंट बनाता और बेचता है. शिकायत पर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश में तत्काल टीम गठित कर छापेमारी की गई.रेड कार्रवाई में वैभव ट्रेडर्स की दुकान से अल्ट्राटेक कंपनी के 25 सीमेंट बैग जब्त किए गए, जिन्हें कंपनी अधिकारी ने मिलावटी बताया. इसके बाद आरोपी के गांव गब्दी स्थित ईंट फैक्ट्री में भी छापा मारा गया, जहां बड़ी मात्रा में फ्लाई ऐश, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन और अल्ट्राटेक कंपनी के खाली बैग बरामद किए गए. इस पूरी कार्रवाई में आरोपी के पास से अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया हुआ 584 बैग मिलावटी सीमेंट जब्त किया गया. वहीं सीमेंट मिलावट करने का प्लास्टिक का टब, पाईप, लोहे का एंगल भी बरामद किया गया है. आरोपी विजय चन्द्र धाक पिता खेदुराम धाक के खिलाफ थाना अर्जुन्दा मे अपराध क्रमांक 106/2025 धारा 318(4) बी.एन.एस., 63,65 कापी राइट एक्ट पंजीबद्ध कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया.

## किसानों के मुद्दे पर अटकी भारत-अमेरिका डील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर जो रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था उसको कुछ समय रोकने की मियाद 9 जुलाई को खत्म हो जाएगी. कुछ देशों से अमेरिका के समझौते हो चुके हैं, लेकिन भारत उन अधिकांश देशों में से एक जिनके साथ यूएस अभी तक किसी एक डील पर नहीं पहुंच पाया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने 12 देशों को पत्र भेजा है और यह साफ कर दिया है कि उन्हें या तो वो डील माननी होगी या फिर टैरिफ झेलने होंगे. इन देशों में संभवतः एक देश भारत भी है. लेटर्स में इन देशों पर लगने वाले टैरिफ के बारे में जानकारी दी गई है. अमेरिका ने अब तक यूके और वियतनाम के साथ डील कर ली है. चीन के साथ भी उन्होंने एक समझौते करने में काफी हद तक सफलता हासिल कर ली है. डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इन सौदों की पुष्टि की है. लेकिन भारत के




साथ अभी यूएस का कोई समझौता नहीं है. दोनों देशों के बीच कई राउंड्स की बात होने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल रहा है. भारत किसी दबाव में आकर सौदा करने का मूड में नजर नहीं आ रहा है. केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 2 दिन पहले एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत ने कभी कोई ट्रेड एग्रीमेंट किसी भी तरह के दबाव में आकर नहीं माना है. उन्होंने टीओआई से बातचीत में कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह एक उचित सौदा है जिससे हमें हमारे प्रतिद्वंदियों के खिलाफ बेहतर मौके मिलें. लेकिन हम किसी डेडलाइन के दबाव में काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम पर राष्ट्रहित के लिए काम कर रहे हैं."भारत और अमेरिका के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) को लेकर बातचीत चल रही है, लेकिन इसमें सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरा है भारत का कृषि और डेयरी सेक्टर. अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का (maize), सोयाबीन (soybean) जैसे कृषि उत्पादों और डेयरी सामान पर टैरिफ कम करे, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस मुद्दे पर साफ कहा कि मोदी सरकार के लिए किसानों का हित सबसे ऊपर है.भारत और अमेरिका के बीच चल रही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) बातचीत में एक अहम बिंदु यह भी है कि भारत खुद को भविष्य में होने वाले टैरिफ बदलावों और सेक्टोरल पाबंदियों से सुरक्षित रखना चाहता है. सरकार चाहती है कि अमेरिका के साथ होने वाले समझौते में भारत को चीन और वियतनाम जैसे देशों से बेहतर टैरिफ लाभ मिलें, लेकिन इसके साथ यह भी गारंटी चाहिए कि भविष्य में अमेरिका कोई एकतरफा सेक्टोरल ऐक्शन या टैरिफ एडजस्टमेंट

## ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने ब्राजील पहुंचे मोदी

**नई दिल्ली,6 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील पहुंच चुके हैं. यहां एयरपोर्ट पर उनका राष्ट्रीय सम्मान के साथ स्वागत किया गया. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा, 'मैं रियो डी जेनेरो, ब्राज़ील पहुंचा हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा और उसके बाद ब्राज़ील की राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा, जहां मुझे राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के निमंत्रण पर राजकीय दौरे पर जाना है. इस यात्रा के दौरान उपयोगी बैठकों और संवादों की एक प्रभावशाली श्रृंखला की प्रतीक्षा है.' इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अर्जेंटीना गए थे, जहां उनका



भव्य स्वागत किया गया. पिछले 57 सालों में यह पहली बार है कि अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा पर भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचे. इससे पहले साल 2018 में पीएम मोदी अर्जेंटीना गए थे, लेकिन उस यात्रा का मकसद जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होना था. इस बार उनकी पहली आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा थी.

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा को लेकर हुई बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 6 जुलाई।** कांग्रेस पार्टी की 7 जुलाई को रायपुर साइंस कॉलेज ग्राउंड में होने वाली जनसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को सेक्टर 5 भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री गुरू रूद्र ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर किसान, जवान और संविधान जनसभा की रूपरेखा से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा के लिए साइंस कॉलेज मैदान तय किया गया है और जनसभा सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

बैठक में उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पार्षद और वार्ड प्रभारियों से कार्यकर्ताओं के आने-जाने के लिए वाहनों की सुविधा, पार्किंग और भोजन की व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा कर जिम्मेदारी तय की। बैठक में प्रदेश महामंत्री धर्मेन्द्र यादव, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी पटेल, दानेष्वरी साहू, प्रमोद प्रभाकर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिहा, राकेश श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, शुभम झा, उमेश साहू, सेवन ठाकुर, गुड्डू खान, राकेश ठाकुर ने जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई।

# युवाओं में ज्यादा नशा करने की करने की आदत चिंताजनक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 जुलाई।** शहरों और गांवों में गुटखा खाने की आदत और बीडी सिगरेट और शराब पीने की आदत युवाओं में लगातार बढ़ती जा रही है। भविष्य में ज्यादा गुटखा खाने से मुख और गले का केंसर भी हो सकता है। खासकर चिंतनीय बात है गुटखा खाकर थूक कही भी फेक देते है जिससे की सड़के भी गंदे हो जाती है और आसपास जो गुटखा नहीं खाते है उन महिलाओं और लोगों को भी बस यात्रा करते हुए परेशानी होती है क्योंकि गुटखा खाने वाला चलती बस में थूक फेक देता है और इस बात को लेकर महिलाएं भी गुस्सा होती हुई दिखती है। बस में महिलाएं और छात्राएं भी दबी जुबान से कहती है की आखिर लोग गुटखा ज्यादा क्यों खाते है शराब पीते है शायद अब समय आ गया की नशा बिक्री पर प्रतिबंध होना चाहिए जिससे की युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो। नशा मुक्त अभियान के प्रति जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को स्कूल , कालेज और शिविर कार्यकमों में गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। सरकारी कार्यालयों में प्रांगण में गुटखा कोई ना खाए इस पर ध्यान देना चाहिए और नशा मुक्ति अभियान के बड़े बड़े बोर्ड सभी गांवों ओर शहरों में लगना चाहिए। समाज कल्याण विभाग नशा मुक्त अभियान के प्रति लगातार ध्यान दे रही है जिसकी तारीफकी जा रही है। बच्चों को बीडी, सिगरेट, गुटखा दुकानदार ना बेचे जिस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर

### निगम की सेमरिया स्थित भूमि का पौधारोपण के लिए निरीक्षण



**भिलाई, 6 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू द्वारा सेमरिया स्थित नगर पालिक निगम स्वामित्व के एक खसरा अंतर्गत लगभग 35 एकड़ जमीन का निरीक्षण बहुमूल्य पौधों के पौधरोपण के उद्देश्य से किया गया। अधीक्षण अभियंता तिग्गा द्वारा सेमरिया स्थित रिक्त भूमि अवलोकन करने का मुख्य उद्देश्य भूमि को संरक्षित करते हुए नगर निगम के आय स्रोत को बढ़ाना है।

### अलग-अलग स्थानों से 13 सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 6 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दबिश देकर 13 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सटोरियों के खिलाफपुलिस ने जुर्म दर्ज किया है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोतवाली दुर्ग ने जुआ खेलने व खिलाने वालों पर कार्रवाई कर हटरी बाजार दुर्ग में दबिश दिया जहां से पुलिस ने मो. नसीर, पांच बिल्डिंग दुर्ग मो. हनीफ पटेल चौक सुरेश साहू, शफी अख्तर, डिपरापारा दुर्ग गौतम यादव, तकियापारा सुनील राव, ज्योति राव, फिरोज अली, इंदिरा कॉलोनी संजीव सोनी, पोटिया रोड शशि सेंद्रे, लुचकी पारा नाज बेगम, कसारीडीह खिलेश्वर यादव, पोलसायपारा मो. जहीर को पकड़ा गया इनके पास से पुलिस ने कुल 18 हजार 430 रुपए जब्त किया है।

### संजीवनी अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**भिलाई, 6 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पाटन। संजीवनी अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला आगेसरा में वृक्षारोपण किया गया तथा अतुल फाउंडेशन की ओर से परीक्षा ओपन कार्य हेतु अलग-अलग वैरायटी के 100 पौधे उपलब्ध कराये गए। कार्यक्रम में उपस्थित रहे सरपंच रमाकांत साहू, बृजेश, गजेंद्र साहू, रोशन साहू एवं स्कूल के प्रधान पाठक, शिक्षक, स्कूली बच्चे तथा गांव के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए।

### महात्मा गांधी कला मंदिर में हुई नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित संवेदीकरण कार्यशाला

# नई न्याय संहिता का उद्देश्य लोगों को शीघ्र न्याय दिलाना: विजय अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 6 जुलाई।** जिसमें नर्सों एवं पैरामेडिक्स कर्मचारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें कानून के नवीन प्रावधानों और वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका को समझाया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आमजन को शीघ्र न्याय दिलाना है।

महिलाओं से जुड़े अपराधों के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसमें सामुदायिक सेवा जैसे नवाचारों को कानून में स्थान दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तलाशी के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी चेन ऑफकस्टडी की महत्ता को बताया। एफएसएल साइंटिस्ट पंकज ताम्रकार ने वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की तकनीकी प्रक्रिया और चेन ऑफ कस्टडी की महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्य अब न्याय में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। जिला अभियोजन अधिकारी अनुरेखा सिंह ने बलात्कार पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया, समय-सीमा एवं विधिक प्रावधानों को विस्तारपूर्वक बताया।

उन्होंने कहा कि 24 घंटे के भीतर परीक्षण और। दिनों के भीतर रिपोर्ट अनिवार्य है इस कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुखनंदन राठौर, उप पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी सहित पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसपी स्कूलों के मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भिलाई विद्यालय में किया गया। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे विशिष्ट अतिथि रहीं। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात सतीश मिश्रा एवं शैलेन्द्र भोई के निर्देशन में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने अपने संदेश में कहा कि सफलता संयोग से नहीं बल्कि कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है। महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों के सार्थक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिले।

# श्रमिक चौक सेक्टर-2 का उन्नयन कार्य पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** इस्पात नगरी की सड़कों और चौकों के उन्नयन के तहत सेक्टर-2 के श्रमिक चौक का जीर्णोद्धार किया गया है। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने इस नवीनीकृत चौक का अवलोकन किया। इस कार्य को महाप्रबंधक विष्णु पाठक के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक द्वय सरोज झा, कमरुद्दीन एवं निखिलेश मिश्रा और उप प्रबंधक संजीव सारस्वत एवं टीम के प्रयास द्वारा यह किया गया है। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवासन, महाप्रबंधक के के यादव, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, उप महाप्रबंधक गर्ग और उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी उपस्थित थे।



# एक पेड़ माँ के नाम अनुकरणीय पहल : रजनी बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 6 जुलाई।** एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम भिलाई-3, वार्ड-09 एकता नगर मुक्तिधाम रोड में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल थीं।

उन्होंने अपनी उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ माँ के नाम जो की पूरे देश में पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय पहल है, पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए। तभी यह पौधे लगाना सार्थक होगा। अतः इन्हें धरातल पर लाकर इन्हें सहेजने की जरुरत है।

इस अभियान के माध्यम से, हम न केवल अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में योगदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा महामंत्री प्रेम लाल साहू, भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, तुलसी ध्रुव पार्षद, सतीश साहू दिलीप पटेल, वार्ड पार्षद कुसुम विपिन चंद्राकर चंद्रकांता माण्डले, सीता साहू, राम खिलावन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, पार्षद तुलसी ध्रुव, प्रेमलता चंद्राकर, गुरचरण सिंह, कुबेर पटेल, संतोष श्रीवास्तव, विनोद चंद्राकर, चंद्रिका यादव, जसवंत वर्मा, ममता पटेल, योगेश्वरी ठाकुर, तेजस पाल, समीर अग्रवाल, धनीराम सेन, सूरज सेन, हरि लाल सोनी, तोरण सोनी, श्याम जायसवाल, कन्हैया यादव, सालिक पटेल आदि उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### गीतांजलि, सुनीता, मीना कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर एवं डॉ. विनीता द्विवेदी की अध्यक्षता में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालयीन कर्मचारी गीतांजली साहू, हेड फार्मसिस्ट सुनीता उल्लास, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मीना साजी, स्टाफ नर्स को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में उप प्रबंधक शैला अब्राहम, सहायक प्रबंधक शीबा थॉमस तथा अन्य अधिकारी एवं चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित थे।

### वृंदानगर में चलाया गया सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** वृंदा नगर वार्ड-29 के अटल आवास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत नगर पालिक निगम द्वारा चलाये जा रहे सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र में सफाई करके वार्ड पार्षद संजय सिंह के साथ वार्ड वासियों ने न केवल गंदगी हटाई बल्कि आने वाले दिनों में यहां वृक्षारोपण कर इसे एक छोटी नर्सरी और हरा-भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प भी लिया।

### गुंडिचा मंडप में सांसद ने निभाया राजा का कर्तव्य, जय जगन्नाथ से गूंजा शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** गुंडीचा मंडप से महाप्रभु जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा शनिवार को निकाली गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने राजा के भेष में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना कर छेरा पहरा की परम्परा का निर्वहन किया। बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी रजनी बघेल ने बाहुड़ा रथयात्रा में अपनी उपस्थिति प्रदान कर पूजा अर्चना में भाग लिया। नौ दिनों तक भाई बलभद्र स्वामी और बहन सुभद्रा के साथ मौसी गुंडिचा देवी के घर रहने के बाद महाप्रभु श्री जगन्नाथ श्री मंदिर लौट आए हैं। बघेल ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ को बाहुड़ा यात्रा के लिए रथ पर सवार करने से पहले झाड़ू लगाकर छेरा पहरा का विधान पूरा किया। फिर मौसी गुंडीचा देवी के घर से श्री मंदिर के लिए निकले महाप्रभु के रथ को खींचकर सांसद विजय बघेल ने उपस्थित भक्तों को बधाई दी।



### पुष्य नक्षत्र में किया गया स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन 6 जुलाई।** उमरपोटी स्थित रामनाथपुरम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र में विगत दिवस पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच टीकेंद्र ठाकुर एवं संस्थान के प्रमुख एस पी बारले के आतिथ्य में चिकित्सक डॉ विकास तिवारी एवं डॉ इंदुजा सिंह द्वारा स्वर्ण प्राशन किया गया द्य ग्राम उमरपोटी के शून्य से सोलह वर्ष तक के लगभग 160 से अधिक बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराते हुए कहा कि यह अच्छा शिविर है जिसका आयोजन पुष्य नक्षत्र के दिन किया जाता है। यह संस्कार बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। आयोजन में कमल गायकवाड, यशोदा, गीतेस्वरी, फूलेशवरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगेश्वरी जांगडे, माहेश्वरी सोनवानी, चम्पा चेलक, अनीता गायकवाड़ एवं सहायिका नीलम साहू, सुशीला, रेखा कुरै, अंबिका बंजारे, रीनु देशलहरा का सहयोग सराहनीय रहा।

### सेफ्टी शू ने बचाया, एक कर्मठ श्रमिक के संघर्ष और संकल्प की कहानी

# सही समय पर मिली चिकित्सा से अपाहिज होने बचा दानेन्द्र कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** भिलाई, 6 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका कर्मी दानेंद्र कुमार की कहानी, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के महत्व और जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 के बर्न यूनिट के असाधारण समर्पण एवं लगन का एक जीवंत उदाहरण है।

यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि कैसे सही समय पर मिली चिकित्सा और मानवीय सहयोग जीवन को अपाहिज होने से बचा सकती है। ठेका कर्मी दानेंद्र कुमार ब्लास्ट फर्नेस-06 में अचानक हुए ब्लास्ट के कारण स्लैग के नाले में फिसल गए। इसका तापमान 1400 से 1500 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच था। जिसके फलस्वरूप उनके दोनों पैर इस हॉट मेटल के स्लैग में डूब गए। हादसे के उस पल को याद करते हुए दानेंद्र कुमार बताते हैं, मेरे दोनों पैर स्लैग में डूब गए थे और मेरे सेफ्टी शू पूरी तरह जल गए। लेकिन यही सेफ्टी शू, मेरे लिए जीवन रक्षक साबित हुए।

सेफ्टी शू के कारण मेरे पैरों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। अगर उस दिन मैंने सेफ्टी शू नहीं पहने होते, तो मेरे पैर उस हॉट स्लैग के संपर्क में आते ही किसी मोमबत्ती की भांति पिघल जाते और मैं हमेशा के लिए अपाहिज हो जाता। दानेंद्र की कहानी एक कड़वी सच्चाई के साथ यह संदेश देती है कि पीपीई सुरक्षा उपकरण संयंत्र में कार्यरत हर कार्मिक की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी है, प्रत्येक व्यक्ति उसका उपयोग करें और अपना जीवन सुरक्षित रखें। गंभीर रूप से झुलसे हुए पैरों के साथ दानेंद्र को तत्काल सेक्टर-9 अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया।



दानेंद्र ने बर्न यूनिट के डॉक्टरों, नर्सों और समर्पित स्टाफ के सेवा भावना की सराहना की तथा कहा कि अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्था, समय पर ड्रेसिंग, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, पौष्टिक खानपान के साथ ही हॉस्पिटल स्टाफ के सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार ने इस कठिन परिस्थिति में उनके मनोबल को बढ़ाया।

आज घुटनों तक गंभीर रूप से जल जाने और पैरों की सभी उंगलियां गंवा देने के बावजूद डॉक्टर्स के सहयोग और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दानेंद्र को फिर से अपने पैरों पर खड़े होकर चलने में सक्षम बनाया हैं। दानेंद्र कुमार का उपचार कार्यपालक निदेशक डॉ रवींद्रनाथ एम के मार्गदर्शन में जेएलएन अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया, जिसमें सीएमओ डॉ. उदय कुमार, एडीशनल सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध मेने, सीएमओ डॉ विनीता द्विवेदी और उनकी एनेस्थीसिया विभाग की टीम शामिल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वय डॉ कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ सौरभ मुखर्जी ने भी समय-समय पर उचित परामर्श एवं सहयोग प्रदान किया।

**एक नजर**

## राजस्व मंत्री ने खम्हरिया में किया पौधरोपण



**बलौदाबाजार।** राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सहकारी समिति खम्हरिया में पौध रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों नें भी पौधा लगाया। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता सप्ताह अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रथम चरण में 56 सहकारी समिति परिसर में छायादार,फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान में बनाये जाएंगे आयुष्मान कार्ड

**सुकमा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड और वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु 08 जुलाई से 31 जुलाई तक चिन्हांकित स्थानों में सुविधा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जारी आदेशानुसार कोंटा विकासखंड में 8 जुलाई से 10 जुलाई तक रायगुड़ा में शिविर लगाया जाएगा जिसमे चिमलीपेंटा, सुरपनगुड़ा और मोरपल्ली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सालातोंग में शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें पोटकपल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ के ग्रामीण शामिल होंगे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**सुकमा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा एवं कोन्टा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में सीमित सीटों पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। एकलव्य विद्यालय सुकमा में कक्षा 7 वीं में 5 बालक और 1 बालिका, 8वीं में 1 बालिका, 9वीं में 1 बालक और 2 बालिका तथा कोन्टा विद्यालय में कक्षा 7वीं 2 बालक, 8वीं 2 बालक और 2 बालिका, 9 वीं 2 बालक और 3 बालिका की सीटें रिक्त हैं। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। फॅार्म वितरण 4 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। चयन लिखित परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। आवेदन फॅार्म एवं अन्य जानकारी संबंधित विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी सुकमा हेतु मोबाइल नंबर 7568353780, 8816840372 और कोन्टा हेतु 9460575657, 9050611900 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के सफल क्रियान्वयन के लिए एनजीओ से आवेदन

**सुकमा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) अन्तर्गत जिले में एनजीओ व पीपी स्कीम के तहत कार्यक्रम के सफल क्रियांवयन हेतु एनजीओ व पीपी गतिविधियां आयोजित करवाया जाना है। उक्त कार्य हेतु बस्तर संभाग में पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) से रूचि अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी (नियम एवं शर्तें एवं फर्मेट ए) सुकमा जिले के वेबसाईट एवं कार्यालय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) सुकमा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## सरकार जाते ही स्थानीय युवाओं की चिंता करने लगे कांग्रेसी : गावड़े

**दंतेवाड़ा।** जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश गावड़े ने कहा की हाल ही में एनएमडीसी द्वारा वेकन्सी निकालने पर कोंग्रेसी बौखला गए है अचानक उन्हें युवाओं के रोजगार की चिंता सताने लगी है , स्थानीय युवाओ के रोजगार की चिंता भाजपा सरकार कर रही है और केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता एवं भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयास से ही भर्ती निकाला गया है जिससे अधिक से अधिक क्षेत्रीय युवा इसका लाभ उठा सके जिसके लिए भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर ही हृद्रष्ट प्रबंधन युवाओं का प्रशिक्षण भी करवा रहा है और इसका लाभ पडोसी जिले जैसे की सुकमा एवं बीजापुर के भी युवक युवती ले रहे हैं। श्री गावड़े ने कहा की पिछले पांच वर्ष कांग्रेस सरकार में एक भी भर्ती नहीं निकाली गयी , आज जब निकाली गयी है तो कांग्रेसियों को पीड़ा हो रही है वे अनर्गल आरोप लगा रहे है।

## जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला अस्पताल राजनांदगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. विधि गजभिये की अस्थायी तौर पर संविदा नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# रील के चक्कर में जवानों की जान जोखिम में डाल रहे विजय शर्मा : तुलिका कर्मा

### सुरक्षा घेरे में आधी रात बीजापुर से दंतेवाड़ा पहुँचे गृहमंत्री

■ **हाल ही में नक्सली हमले में शहीद हुए थे सुकमा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,फिर भी जवानों की जान के प्रति लापरवाही**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर।** बस्तर को नक्सलमुक्त घोषित करने की सरकार को इतनी जल्दबाज़ी है कि उनके मंत्री हर पैतरे अपना रहे है और जनता को गुमराह कर रहे है । हाल ही में कल एक वाक्य यूं हुआ कि जब प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा बीजापुर जिले के दौरे पर थे जिसमें दन्तेवाड़ा - बीजापुर जिला का पूरा प्रशासनिक अमला एवं पुलिस कर्मचारियों को मुस्तैदी से उनकी सुरक्षा में तैनात किया गया था । क्योंकि बीजापुर जिला एक संवेदनशील क्षेत्र है तो बीजापुर दौरे से दन्तेवाड़ा वापसी का समय संध्या 5 बजे का था ताकि आर.ओ.पी और सुरक्षा बल तैनात रह कर गृहमंत्री जी को सुरक्षित दन्तेवाड़ा तक छोड़ सके । परन्तु गृहमंत्री जी की व्यस्तता कहे या लापरवाही उन्होंने आधी रात को तकरीबन 10 बजे बीजापुर से दन्तेवाड़ा वापस आने का फैसला लिया ताकि वो अपने सोशल मीडिया में पोस्ट करने के लिए रील बना सके और तकरीबन 11 बजे दन्तेवाड़ा गेस्ट हाउस पहुँचे ।

इस मामले में दन्तेवाड़ा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तुलिका कर्मा ने बयान जारी कर कहा कि बस्तर अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में आता है जहाँ आये दिन हमारे जवानों का नक्सलियों के



साथ मुठभेड़ होते रहता है । हाल ही में सुकमा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव गिरिपुंजे जी भी नक्सलियों द्वारा बम ब्लास्ट में शहीद हुए थे और ऐसे समय मे गृहमंत्री द्वारा फ़ोर्स के जवानों को आधी रात तक अपनी सुरक्षा में लगाये रखना सरासर गलत है और उनकी जान के साथ खिलवाड़ है । गृहमंत्री जी चाहते तो समय को देखते हुए बीजापुर में रुक सकते थे पर उन्हें तो रील बना कर जनता को गुमराह करना था कि बीजापुर में आधी रात में भी बेफिक्री से घुमा जा सकता है और रील बना कर डाल रहे है पर यह नही बता रहे कि उनके सुरक्षा में बीजापुर- दन्तेवाड़ा जिले के कितने पुलिसकर्मी तैनात थे । गृहमंत्री जी को अगर अपने प्रदेश की जनता को वाकई यह बताना है कि बस्तर नक्सलमुक्त हो चुका है या नक्सलमुक्त होने की कगार पर है तो उन्हें एक बार अंदुरुनी क्षेत्रो में बिना सुरक्षा के प्रवास पर जाना चाहिए ताकि वे समझ सके कि बस्तर की जनता और सुरक्षाकर्मी किन हालातो में यहां अपना जीवन यापन कर रही है ।

## पीपल्स केयर छत्तीसगढ़ ने लगाए पीपल के पौधे



**जगदलपुर।** पीपल्स केयर छत्तीसगढ़ द्वारा आज लालबाग हाउसिंग बोर्ड स्थित भुतहा तालाब में पीपल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, पार्षद नरसिंह राव, यशवंत ध्रुव, हरीश पारेख, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, संस्था के संरक्षक योगेंद्र कौशिक, अजय परमार, शेखर बोस, किशोर जाधव, सुरेश यादव, टी महेश, ओम प्रकाश सोनी, प्रमोद मोतीवाला, ननकू द्विवेदी, एच वाय कुकड़े, रोशन झा, सचिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जांच के दौरान 7 चालकों को पकड़ा

### अदालत में पेश करने पर लगाया गया 75 हजार का जुर्माना



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 07 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 07 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 04.07.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 तथा 01 प्रकरण में 15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 07 वाहन चालकों को कुल 75,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# नपाध्यक्ष ने पीएम आवास योजना के 32 हितग्राहियों को दिया अनुज्ञा प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा।** नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा के नेतृत्व में 32 हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पीएम मोदी की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक 'प्रधानमंत्री आवास योजना' गरीब परिवारों के जीवन में खुशियां ला रही है।।नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में इस योजना के कारण न केवल गरीब परिवारों को पक्का मकान मिल रहा है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधर रही है। लाभार्थी शत्रुहन निषाद ने बताया कि उन्हें इस योजना का फायदा मिला है। पहले उनके घर की हालत खराब थी और कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस योजना की मदद से उनका घर पहले से बेहतर हो गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस योजना के बारे में चंद्रकला खुमान वर्मा से पता चला और उनका आवास का सपना पुरा हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सौगात की सरकार है। हमेशा विकास के लिए सौगात देते हैं। गरीब परिवार जो आवास के बिना कच्चे टूटे मकान में रहते हैं, उनका जीवन स्तर को सुधारने व विकसित भारत बनाने में सफल भूमिका निभाने के लिए आवाश योजना बहुत जरूरी है। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ अनीश ठाकुर,पार्षद एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# सुकमा के गांवों में होंगे सड़क भवन एवं शेड निर्माण कार्य

■ **उप मुख्यमत्री विजय शर्मा ने दी मंजूरी**



**सुकमा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री विजय शर्मा द्वारा सुकमा जिले के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रट कार्यालय के सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का बैठक लेकर समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत सुकमा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1 करोड़ 51 लाख 20 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिले के कोंटा , सुकमा एवं छिंदगढ़ विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमत्री श्री विजय शर्मा ने स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न ग्रामों में आवश्यक निर्माण कार्यों की मंजूरी दी गई है। सुकमा विकासखण्ड अंतर्गत 6 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ग्राम कोंडरे में सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

# कांग्रेस के समय बनी धान उपार्जन नीति आज भी लागू : अकबर

**भाटापारा।** आगामी 07 जुलाई को रायपुर में आयोजित किसान, जवान, संविधान जनसभा में शामिल होने आ रहे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा में अत्यधिक लोगो को शामिल करने के लिए स्थानीय कांग्रेस भवन में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मोहम्मद अकबर के मुख्य आतिथ्य मे संविधान बचाओ यात्रा एवं सभा का आयोजन किया गया । अध्यक्षता विधायक इन्द्र साव एवं विशेष अतिथि जिला कॉग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने की ।



कांग्रेस भवन में आयोजित संविधान बचाओ यात्रा में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि मो अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वर्ष 2003 धान खरीदी के लिए कांग्रेस सरकार ने धान उपार्जन नीति बनाई । इस संबंध में सुझाव के लिए 7 सदस्यीय उप समिति बनाई गई और कांग्रेस सरकार के समय बनी धान उपार्जन नीति आज तक चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यूरिया और डी ए पी खाद की कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान कठिनाई में है।उन्होंने बताया कि संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है लेकिन कहीं धर्म तो कहीं जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव उत्पीड़न किया जा रहा। इससे जगह जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही। संविधान सुरक्षित रहेगा तो लोग सुरक्षित रहेंगे। इसीलिए संविधान की सुरक्षा सर्वोपरि हैं। उन्होंने बताया कि संविधान में पंचायती राज व्यवस्था, नगरीय निकाय व्यवस्था का प्रावधान होने के कारण ही पंचायत और निकायों के प्रतिनिधियों का पद छह माह से अधिक समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता ।

## बंजारी-फत्तेगंज में पानी की समस्या हुई हल

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज की कहानी उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिसाल है, जहां जल जीवन मिशन ने जीवन स्तर को ना सिर्फ सुधारा है, बल्कि वहां के ग्रामीणों को नयी उम्मीद भी दी है। जिला मुख्यालय राजनांदगांव से 50 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत चारभाठा के आश्रित ग्राम बंजारी में 39 एवं ग्राम फत्तेगंज में लगभग 34 परिवार निवास करते है। इन गांवों के ग्रामीणों की आजीविका का साधन मुख्यतः कृषि और मजदूरी पर ही निर्भर है। पहले इन गांव में पानी की काफी समस्या थी और पेयजल का एकमात्र स्रोत हैंडपंप था।

# महाप्रभु जगन्नाथ लौटे अपने श्रीधाम, भक्तों ने खींचा रथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** अषाढ़ मास के द्वादशी तिथि को प्रभू जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र 8 दिनों तक अपनी मौसी गुंडिचा मंदिर में विश्राम करने के बाद 9वें दिन रथारूढ़ होकर वापस अपने श्रीधाम पहुंचे हैं। बीती शाम बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवानों के रथ खींचने के लिए बस स्टेंड परिसर स्थित गुंडिचा मंदिर परिसर में एकत्र हुए थे। उत्कल समाज, बंगाली समाज, स्वयं सेवक संघ के तमाम श्रद्धालुगण समेत बड़ी संख्या में नगरवासी भगवानों को उनके श्रीधाम पहुंचाने के लिए पूरगे उत्साह व जोश उमंग के साथ रस्सी खींचकर पुण्य का भागी बनने कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है किबीते 27



जून को रथयात्रा के शुभ दिन पर धुमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भाई बलभद्र रथ पर सवार होकर बस स्टेंड स्थित मौसी के घर गुंडिचा मंदिर पहुंचे थे। पूरे 9 दिनों तक भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा व बलभद्र की अलग अलग रूपों की पूजा हुई। तदोपरांत परांपरानुसार अषाढ मास की द्वादशी तिथि को भगवानों को पुनः वापस उनके धाम पहुंचाने का कार्यक्रम उत्साह व उल्लास के साथ संपन्न किया गया। शनिवार शाम 5 बजे गुंडिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्र एवं बलभद्र की पूजा अर्चना की गई। मांई दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी हरेंद्र नाथ जिया ने भी भगवानों की पूजा अर्चना की। जिसके बाद रथ जगन्नाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। बड़ी तादात में श्रद्धालु रख खींचने पहुंचे थे। महिलाओं एवं बच्चे भी बढचढकर अपनी भागीदारी निभाई। हल्की बारिश के बीच रथ खींचते श्रद्धालु पूरे जोश के साथ भगवान जय जगन्नाथ, के जयघोष लगाते रहे और रथ खींचते रहे।

# इनामी महिला माओवादी और सहयोगी गिरफ्तार

**कांकेर।** प्रदेश के बस्तर क्षेत्र में माओवाद को जड़ से मिटाने के लिए सरकार और प्रशासन लगातार सक्रियता से काम कर करें है। सुरक्षाबलों की ओर से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। माओवादियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। साथ ही उनके आत्मसमर्पण की भी कोशिश जारी है। ऐसे में कांकेर जिले के परतापुर थाना क्षेत्र संयुक्त बल को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला माओवादी



सहित दो को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र से नामी माओवादी सीएनएम सदस्य सहित एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला माओवादी सीएनएम की सदस्य बतायी जा रही है। जिसपर शासन की ओर से 50,000 रूपये इनाम घोषित था। इसके साथ ही माओवादियों के पास से चार बंदुक औरअन्य सामग्री बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीएसएफऔर पुलिस बलों की संयुक्त कार्रवाई के दौरान यह सफलता मिली है। तीन जुलाई को बीएसएफ 40 वीं वाहिनी, 47वीं वाहिनी बीएसएफ और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने माओवाद प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया।

# कलेक्टर ने दिए विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की सराहना करते हुए आवास मित्रों को स्वीकृत एवं प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी सहायकों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा बलौदाबाजार, पलारी और कसडोल विकासखंडों में कार्यों में तेजी लाने को कहा। बिहान योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने ÷लखपति दीदी÷ कार्यक्रम के तहत समूहों को सशक्त कर अधिक से अधिक महिलाओं



को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। मनरेगा योजनांतर्गत प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास के साथ 90 कार्य दिवसों का सुनिश्चित क्रियान्वयन और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर जनपद सीईओ द्वारा कार्रवाई के निर्देश दिए । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ओडीएफ प्लस, कचरा संग्रहण, और साफ-सफाई के अन्य मापदंडों पर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की रैंकिंग बेहतर होनी चाहिए, इसके लिए फील्ड स्तर पर सभी अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य करें। साथ ही अमृत सरोवर योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर भी बल दिया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को विकास कार्य के प्रमुख विभाग बताते हुए हर ग्रामीण तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने ÷मोर गांव, मोर पानी अभियान÷ के तहत जल संरक्षण संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी आवासों, स्कूलों और शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सतर्कता बरतने की सलाह- कलेक्टर श्री सोनी ने बरसात के मौसम में जलजनित रोगों एवं दूषित खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को देखते हुए आम नागरिकों को सतर्क रहने और स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों को आगामी 2 से 3 महीनों तक पीने के पानी को उबालकर उपयोग करने, पानी रखने वाले बर्तनों में क्लोरीन की गोली डालने, ताजे और गर्म भोजन का ही सेवन करने तथा जल स्रोतों के आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# बृजमोहन अग्रवाल ने चंगोराभाठा उद्यान में बच्चों के साथ लगाया पौधा

**रायपुर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग और जोन 5 के तत्वावधान में नगर निगम जोन 5 के अंतर्गत चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन परिसर में डॉक्टर खूबचंद बघेल उद्यान परिसर में भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से किये गए आव्हान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम महाभियान के अंतर्गत सामूहिक पौधरोपण का संक्षिप्त आयोजन रखा गया.



पौधरोपण आयोजन में पहुंचकर रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, निगम पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा, पार्षद श्रीमती ममता सोनू तिवारी, श्रीमती दुर्गा यादराम साहू ने चंगोराभाठा स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर उद्यान परिसर में अशोक, मौलश्री, कचनार, शीशम, गुलमोहर प्रजाति के 70 पौधों को ट्री गार्ड की सुरक्षा सहित रोपित करते हुए एक पेड़ माँ के नाम महाभियान में रोपित किये गए प्रत्येक पौधे को वृक्ष बनते तक पानी खाद आदि डालने की व्यवस्था करवाकर अपनी संतान की भांति समस्त लगाए गए पौधों का समुचित संरक्षण किये जाने की सामूहिक संकल्प समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दोहराया।

# रणवीर सिंह के बर्थडे पर 'धुरंधर' का टीजर हुआ रिलीज, माधवन और अक्षय खन्ना ने चौंकाया

बॉलीवुड के एनर्जी स्टार माने जाने वाले अभिनेता रणवीर सिंह आज अपना अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर रणवीर ने अपने फैंस के लिए एक बड़ा गिफ्ट दिया है। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म 'धुरंधर' का टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। ये रणवीर सिंह के फैन्स के लिए एक बड़ा तोहफा है। इस टीजर में रणवीर सिंह दमदार अंदाज में नजर आए हैं। टीजर में उनके लुक से लेकर उनका एक्शन तक काफी धांसू लग रहा है। टीजर सामने आने के बाद फैंस रणवीर की इस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं।

**टीजर में दिखी फिल्म की बाकी कास्ट की झलक**-2 मिनट 39 सेकंड के टीजर की शुरुआत आर माधवन के वॉइस ओवर से होती है। टीजर में ये पता चलता है कि फिल्म की कहानी एक सीक्रेट मिशन की कहानी है। जिसमें संभवतः रणवीर सिंह एक सीक्रेट एजेंट के किरदार में नजर आ रहे हैं। टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट भी नजर आई है। जिसमें आर माधवन, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल के भी लुक नजर आए हैं।

**माधवन और अक्षय खन्ना ने किया प्रभावित**-टीजर में रणवीर सिंह के दमदार अंदाज के अलावा अगर किसी ने अपने लुक से चौंकाया है, तो वो आर माधवन का लुक है। टीजर में माधवन को पहचानना भी मुश्किल हो रहा है। वो कोट-पैंट पहने और गंजे लुक में नजर आ रहे हैं। उनका लुक काफी हद तक एनएसए अजीत डोभाल के लुक से मिलता हुआ लगता है। इसके अलावा टीजर में अक्षय खन्ना का लुक भी काफी दमदार लगा है। 'छावा' में औरंगजेब के बाद अक्षय खन्ना एक बार फिर अपने लुक में काफी प्रभावित कर रहे हैं।

**नजर आएगी बड़ी स्टारकास्ट**-'धुरंधर' में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है।



### शूटिंग से सामने आए थे रणवीर के कई वीडियो

'धुरंधर' को लेकर रणवीर पिछले काफी वक्त से चर्चाओं में बने हुए हैं। शूटिंग से उनके कई वीडियो भी सामने आए थे। जिनमें रणवीर सिंह बड़े बालों और तगड़ी बॉडी वाले लुक में दिखे थे। इन वीडियो के सामने आने के बाद से ही फैंस रणवीर के इस लुक के लिए काफी उत्साहित थे।




# लोगों को जमकर पसंद आ रही है अनुराग बसु की मुवी 'मेट्रो...इन दिनों

'बर्फी' और मर्डर जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्देशक अनुराग बसु एक बार फिर से पर्दे पर प्यार की कहानी लेकर आए हैं। 4 जुलाई को रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मेट्रो...इन दिनों' की ओपनिंग शुक्रवार को भले ही धीमी हुई हो, लेकिन सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म ने दूसरे ही दिन रफ्तार पकड़ ली है।

मल्टीस्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' के कलेक्शन में दूसरे ही दिन यानी कि शनिवार को काफी जंप देखने को मिला है। नीना गुप्ता-अनुपम खेर, कोंकणा सेन-पंकज त्रिपाठी, सारा अली खान-आदित्य रॉय कपूर और फातिमा सना शेख-अली फजल, अलग-अलग जनरेशन की मेट्रो सिटी में ये रोमांटिक कहानी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रही है। समीक्षकों और दर्शकों से अच्छा रिव्यू पाने वाली 'मेट्रो..इन दिनों' की शुरुआत शुक्रवार को 3.5 करोड़ से बॉक्स ऑफिस पर हुई थी। शनिवार को फिल्म की कमाई में काफी अच्छा उछाल आया है। सैकनलिक.कॉम के अर्ली आंकड़ों के मुताबिक, सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस फिल्म ने शनिवार को दूसरे दिन तकरीबन 4.47 करोड़ तक की है। अनुराग बसु की फिल्म का सीक्वल पहले पार्ट 'लाइफ इन अ मेट्रो' के मुकाबले अच्छी कमाई कर रहा है। सारा-आदित्य, नीना-अनुपम स्टारर ये फिल्म अगर 1 हफ्ता भी इसी रफ्तार से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर चलती है, तो मूवी सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5 और मां जैसी बड़ी फिल्मों के लिए खतरा बन सकती है।

# पत्नी के साथ कपिल शर्मा ने शुरू किया नया कारोबार






अपनी कॉमेडी से सबको हंसाने वाले कपिल शर्मा अब खाने-पीने के कारोबार में कदम रख रहे हैं। उन्होंने अपनी पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ मिलकर कनाडा में 'द केप्स कैफे' खोला है। इस कैफे की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

कपिल शर्मा के कैफे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। इसमें कैफे की झलकियां देखी जा सकती हैं। कपिल शर्मा के फैंस उन्हें नए कारोबार के लिए बधाई दे रहे हैं। कैफे का धूमधाम से उद्घाटन हुआ। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कैफे के अंदर कुछ लोग हैं। वह लोग कैफे में खरीदारी करने के लिए लाइन में हैं। इसका सामने का हिस्सा शीशे का है। गेट को गुलाबी फूलों से सजाया गया है।

**सोशल मीडिया पर शेयर कीं तस्वीरें**-'द केप्स कैफे' के इंस्टाग्राम हैंडल से तस्वीरें शेयर की गईं हैं। इसके साथ ही एक कैप्शन लिखा गया है। कैप्शन में लिखा है 'इंतजार खत्म हुआ। दरवाजे खुले हैं। द केप्स कैफे में मिलें।' कपिल शर्मा और गिन्नी दोनों ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर अपने करीबियों की स्टोरीज पोस्ट कीं और उनका शुक्रिया अदा किया।

**कपिल शर्मा की शादी**- कपिल शर्मा ने 12 दिसंबर 2018 को लेडी लव गिन्नी चतरथ से शादी की थी। कपिल शर्मा के दो बच्चे हैं। साल 2019 में उनकी एक बेटी हुई और 2021 में एक बेटा हुआ। उनके बेटे का नाम त्रिशान है। बेटी का नाम अनायरा है।

**कपिल शर्मा का वर्कफ्रंट**-आपको बता दें कपिल शर्मा भले ही खाने-पीने के कारोबार से जुड़ गए हों लेकिन वह पर्दे पर अपनी मौजूदगी बनाए रखेंगे। इन दिनों कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर ट्रीम हो रहा है। वह जल्द ही फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' और 'दादी की शादी' में नजर आने वाले हैं। 'किस किस को प्यार करूं 2' उनकी पहली फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का सीक्वल है।

# रामायण' में तीन किरदार में नजर आएंगे रणबीर !

रणबीर कपूर की जिस फिल्म का सबको इंतजार था, उसकी पहली झलक कुछ दिनों पहले ही सामने आ गई है. दिवाली 2026 में आ रही 'रामायण' के पार्ट 1 का शूट भी कंप्लीट हो चुका है. यूं तो पिक्चर में रणबीर कपूर भगवान राम बन रहे हैं. लेकिन कुछ वक्त पहले पता लगा था कि वो डबल रोल करेंगे. अब नए अपडेट के मुताबिक, वो एक-दो नहीं, बल्कि तीन-तीन रोल करने वाले हैं. हांलांकि मेकर्स की ओर से इसकी पुष्टि बांकी है. कुछ दिनों पहले ही फिल्म की पहली झलक सामने आई है. जहां भगवान 'राम' बने रणबीर कपूर और 'रावण' यश के कुछ फ्रेम दिखे. रणबीर कपूर, यश के अलावा स्पेशल वीडियो में बैकग्राउंड स्कोर भी काफी पसंद किया गया. सूत्रों के मुताबिक रणबीर कपूर फिल्म में सिर्फ भगवान राम ही नहीं, बल्कि महर्षि परशुराम का किरदार भी निभाएंगे. राम कथा में परशुराम का एक अहम हिस्सा होगा. पूरी कहानी माता सीता के स्वयंवर के वक्त की दिखाई जाएगी. जब श्री राम ने भगवान शिव का धनुष तोड़ा था. फर्स्ट लुक में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश की नेब्युलानुमा झलक दिखाई गई थी. जिसमें भगवान विष्णु को देखकर हर कोई रणबीर कपूर होने की बातें कर रहा है. अब क्योंकि फिल्म में यह किरदार भी अहम होगा, तो ऐसा हो सकता है कि मेकर्स ने इस किरदार की जिम्मेदारी भी उन्हें ही दी हो. अगर ऐसा होता है, तो ट्रिपल रोल में उन्हें देखना फैन्स को अलग एक्सपीरियंस देखा. दरअसल फिल्म में तगड़े VFX का इस्तेमाल हुआ है.

जहां फिल्म का पहला पार्ट 835 करोड़ में बना है. तो दोनों पर 1600 करोड़ का खर्चा आया है. लेकिन रणबीर के रोल को लेकर मेकर्स के अनाउंसमेंट का हर किसी को इंतजार है, क्योंकि तभी सब कुछ क्लियर हो पाएगा

# बारिश के मौसम में डेटिंग के लिए बेकरार दिखीं ईशा मालवीय

टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय अक्सर अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा, जिसमें उन्हें डेटिंग के लिए बेकरार देखा जा सकता है। इस पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। चलिए देखते हैं वायरल वीडियो।

ईशा मालवीय जिन्होंने 'बिग बॉस 17' से काफी प्रसिद्धि पाई थी। अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें उन्हें गोल्डन मोतियों से सजी हुई ड्रेस पहने देखा जा सकता है। वीडियो में एक्ट्रेस पैपराजी से बात करती हुई नजर आ रही हैं। ईशा ने कहा, 'टपरी पे ही तो मजा है, गया वो स्टारबक्स वाला जमाना।' इसके जवाब में पैप्स में ने कहा कि पड़ोस में ही एक एक टपरी है और बारिश में वहां चाय पीने में बहुत मजा आता है। इसके बाद अभिनेत्री ने



कहा कि आजतक वह एक भी डेट पर नहीं गई है। फिर पैप्स ने जवाब दिया की उनकी पहली डेट मीडिया वालों के साथ होगी।

**नेटिजंस ने दी प्रतिक्रिया**-इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिंजस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा कि कितनों के साथ डेट करेंगी ये।

दूसरे यूजर ने बोला कि उनकी ड्रेस उन्हें बेहद पसंद आ रही है। वहीं एक और यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि क्यूटी पाई ईशा। इसके अलावा एक अन्यू यूजर ने कहा कि टपरी वाली चाय का आनंद ही अलग होता है।

**ईशा मालवीय के बारे में** -ईशा मालवीय को 'उड़ारिया' धारावाहिक से काफी पहचान मिली। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कई म्यूजिक वीडियोज में भी काम किया है। अभिनेत्री बिग बॉस 17 में भी नजर आई थीं। इसके अलावा आपको बताते चलें कि एक्ट्रेस अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल को डेट कर चुकी हैं।

# बैटल ऑफ गलवान' की पहली झलक जारी सलमान की हो सकती है दमदार वापसी



सलमान खान के फैंस के लिए एक बड़ी गुड न्यूज सामने आई है. 'सिकंदर' के बाद, सलमान ने अपनी अगली फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेट कर दी है. उनकी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है जिसमें सलमान का लुक सामने आया. ये फिल्म अपूर्व लाखिया डायरेक्ट करने वाले हैं.

इस साल सलमान 'सिकंदर' फिल्म लेकर आए जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. ये फिल्म उनके करियर की भी सबसे बड़ी फ्लॉप थी. सलमान को इस फिल्म से काफी ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा था. जिसके बाद खबर थी कि उन्होंने करियर से संबंधित कुछ कड़े फैसले लिए. ऐसा सुनने में आया कि सुपरस्टार अब अपूर्व लाखिया संग गलवान वैली पर फिल्म बनाएंगे. पिछले काफी समय से इससे जुड़ी अपडेट्स भी सामने आईं. हाल ही में सलमान ने एक पोस्ट शेयर भी किया जिसमें वो अपनी फिल्म का पोस्टर टीज करते नजर आए. अब फाइनली वो इसे ऑफिशियली सभी के सामने प्रेजेंट कर चुके हैं. इस अनाउंसमेंट टीजर में उनका पूरा चेहरा खून से लथपथ नजर आता है. सलमान के हाथ में एक हथियार भी है जिससे वो दुश्मनों का खात्मा कर रहे हैं. उनकी आंखों में एक किस्म की आग नजर आई जिसने उनके लुक को और भी बेहतरीन बनाया. फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका निभाएंगे. उनके साथ एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह भी शामिल हैं. सलमान ने अभी फिल्म का सिर्फ पोस्टर शेयर किया है जिसने फैंस के बीच में एक्साइटमेंट पैदा कर दी है. ये पहला मौका है जब वो और अपूर्व लाखिया साथ एक फिल्म में काम करेंगे. सलमान की फिल्म गलवान घाटी में लड़ी गई उस लड़ाई की कहानी है जिसमें भारत ने बिना गोलियों का इस्तेमाल करके कई चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतारा था. गलवान घाटी की लड़ाई 15 जून 2020 के दिन भारत और चीन की सेना के बीच लद्दाख में गलवान नदी घाटी पर लड़ी गई थी.

ये झड़प तब शुरू हुई जब भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को एक गश्ती बिंदु से हटने के लिए कहा, जो कथित तौर पर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे थे. दोनों सेनाओं के बीच इस दौरान खूब हाथापाई हुई जिसमें लाठियों, पत्थरों और नुकीली चीजों का इस्तेमाल हुआ. इस लड़ाई में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जिनमें 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संतोष बाबू भी शामिल थे. बताया जाता है कि इस झड़प में चीन के 43 सैनिक मारे गए थे.



# जब सेट पर हो गई अक्षय कुमार की हालत पतली लगा उनके हाथों चली जाएगी को-स्टार की जान

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपनी फिल्मों की शूटिंग के दौरान को-स्टार्स के साथ खूब प्रैंक करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि एक बार एक एक्टर ने उनके साथ ऐसा प्रैंक कर दिया कि अक्षय कुमार की हालत खराब हो गई थी। किस्सा है साल 2015 में आई फिल्म 'बेबी' की शूटिंग के दौरान का जब जमील आलम ने खिलाड़ी कुमार के साथ प्रैंक करने का सोचा। फिल्म में एक सीन था जिसमें अक्षय कुमार गैंग्सटर तौफीक आलम का किरदार निभा रहे जमील के मुंह पर प्लास्टिक बैग लपेट कर उसका दम घोंटकर उसे मारने की कोशिश करते हैं।

**हुई अक्षय कुमार की हालत खराब**-जब सीन खत्म हुआ तो जमील आलम वहीं के वहीं स्थिर रह गए और थोड़ा सा झूल गए। अक्षय कुमार की हालत पतली हो गई और उन्होंने तीन-चार पर जमील को हिलाकर उनसे पूछा, "सर... सर... सर... आप ठीक हो।" अक्षय कुमार बुरी तरह घबरा गए और फिल्म के लीड एक्टर को पैनिक होता देख जमील ने बात बढ़ाने की बजाए वहीं के वहीं यह मजाक खत्म करने का तय किया। जमील अपनी कुर्सी से उठे सामान्य एक्सप्रेशन्स देते हुए मुस्कुराए और तब जाकर अक्षय कुमार समझे कि वह प्रैंक कर रहे थे।

**अक्षय बोले- सर ऐसे मत किया करो**-अक्षय कुमार की तब जाकर जान में जान आई और उन्होंने जमील से कहा, "सर ऐसे मत किया करो।" अक्षय कुमार को यह प्रैंक लंबे वक्त तक याद रहा। फिल्म की बात करें तो नीरज पांडे के निर्देशन में बनी.

# ओटीटी पर हिंदी में रिलीज हुई है कॉमेडी-ड्रामा फिल्म कालीधर लापता

अभिषेक बच्चन की फिल्म 'कालीधर लापता' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म में भोपाल, मध्यप्रदेश के 8 साल के नन्हे कलाकार दैविक बाघेला ने भी काम किया है। अभिषेक बच्चन और दैविक बाघेला की जोड़ी ने कमाल कर दिया है। उनकी ये फिल्म हंसाती भी है और रुलाती भी है। तो चलिए आपको बताते हैं कि ये फिल्म आपके वीकेंड वॉच लिस्ट के लिए परफेक्ट है या नहीं। 'कालीधर लापता' की कहानी एक ऐसे बुजुर्ग शख्स की कहानी है जिसका नाम कालीधर है और जिसे भूलने की बीमारी है। उसके परिवार को जब उसकी बीमारी का पता चलता है तब वे उसे कुंभ मेले में छोड़ आते हैं। वहीं उसकी मुलाकात 8 साल के नटखट, लेकिन दिल से सच्चे बच्चे बल्लू से होती है। बल्लू न सिर्फ कालीधर का सहारा बनता है, बल्कि उसे जीने का नया मकसद देता है। अभिषेक बच्चन ने कालीधर के किरदार में जान डाल दी है। दर्द, अकेलापन और उम्मीद...ये दिखाने के लिए न ही उन्होंने कोई डायलॉग बोला और न ही कोई खास एक्सप्रेशन दिए,

# राजकुमार और मानुषी की फिल्म 'मालिक' का नया गाना रिलीज

राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की अपकमिंग फिल्म 'मालिक' हर गुजरते दिन के साथ और भी ज्यादा आशाजनक होती जा रही है। अपने पहले गाने नामुमकिन की रिलीज के बाद उसके टीजर और ट्रेलर ने सभी को चौंका दिया, अब निर्माताओं ने अपना अगला ट्रैक 'राज करेगा मालिक रिलीज' कर दिया है। यह याद किया जा सकता है कि ट्रेलर के बैकग्राउंड में यह गाना कुछ देर के लिए बजाया गया था और इसकी आकर्षक धुन ने पहले ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। राज करेगा मालिक, अपने दमदार गायन और कमांडिंग ऑर्केस्ट्रेशन के जरिए, राजकुमार राव के गैंगस्टर व्यक्तित्व के अहंकार और प्रभुत्व को पूरी तरह से दर्शाता है। गाने की केंद्रीय पंक्ति, 'सबपे राज करेगा मालिक', एक घोषणा और चरित्र की दुर्जेय उपस्थिति के लिए एक स्तुति दोनों के रूप में कार्य करती है, जो राव की अब तक की सबसे गहन भूमिका होने का वादा करती है। यह एक हाई-एनर्जी ट्रैक है जो पारंपरिक देसी बीट्स को आधुनिक रवैये के साथ मिलाता है। सचिन-जिगर का प्रोडक्शन दमदार और गतिशील है, जबकि अकासा की तीखी आवाज और एमसी स्क्वायर का रैप इस ट्रैक में जोश और धैर्य दोनों लाते हैं।

### दमदार सीन्स से सजा है गाना

सबपे राज करेगा मालिक गाने के दृश्य भी दमदार हैं। राजकुमार राव की स्क्रीन पर मौजूदगी और मानुषी छिल्लर का मजबूत, आत्मविश्वासी अंदाज गाने की बोल्ड एनर्जी से पूरी तरह मेल खाता है। अमिताभ भट्टाचार्य के बोल विद्रोह और लय के बीच के मधुर बिंदु पर पहुंचे, जिसने ट्रैक को मजबूत रीप्ले वैल्यू के साथ एक पावर एंथम में बदल दिया।







राजकुमार के साथ मानुषी की नई जोड़ी ने अपने पहले ट्रैक नामुमकिन से अपनी चमक साबित कर दी है, जिसने दर्शकों को उनकी केमिस्ट्री की झलक दिखाई। अब राज करेगा मालिक उनकी ऑन-स्क्रीन साझेदारी में एक और मजबूत परत जोड़ता है।

# कलेक्टर ने निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

- शालाओं और छात्रावासों में प्रवेशित किन्तु अनुपस्थित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा
- बहिरकेला में नवनिर्मित पीएचसी भवन में विद्युत कनेक्शन का काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए
- पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 6 जुलाई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शनिवार को घरघोड़ा विकासखंड के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर चतुर्वेदी ने बहिरकेला गांव में निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसीज से कार्य पूर्णता के बारे में अपडेट लिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सिविल वर्क और इलेक्ट्रिक फिटिंग का काम पूरा किया जा चुका है। बिजली कनेक्शन लगवाया जाना शेष है, कलेक्टर चतुर्वेदी ने बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर चतुर्वेदी बरौनाकुंडा में ऑयल पॉम प्लांटेशन कर रहे किसानों से मिलने पहुंचे। उन्होंने यहां प्लांटेशन के रकबे के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 6 किसान 20 एकड़ जमीन में ऑयल पॉम लगा रहे हैं। कलेक्टर चतुर्वेदी ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को विभागीय योजनाओं के द्वारा दिए जाने वाले सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चतुर्वेदी ने घरघोड़ा में पीएम आवास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आवास का काम जल्द पूरा करवाने तथा आवास के लिए शौचालय की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिए जाने के निर्देश दिए।

## सिक्का वितरण किया




**महासमुंद, 6 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया पिछले कुछ महीने से व्यापारियों को चिल्लर की किल्लत के कारण व्यापार में दिक्कत हो रही थी जिसे चैंबर ने संज्ञान में लिया और भारतीय स्टेट बैंक से बात कर सिक्का वितरण की योजना बनाई गई और सभी के सहयोग से सफल आयोजन किया गया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय ने देवशयनी एकादशी की दी बधाई

**रायपुर, 6 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को देवशयनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीहरि विष्णु की अनुकंपा समस्त जनमानस पर बनी रहे और सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सनातन परंपरा में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु चार मास के शयन में प्रवेश करते हैं, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। इस अवधि में विवाह जैसे सभी मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं और उपासना, साधना तथा पुण्य कर्मों को विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। यह पर्व आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इसे हरि शयनी एकादशी, देवशयनी एकादशी अथवा आषाढ़ी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत, उपवास एवं भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना कर लोककल्याण की कामना करते हैं। पुराणों के अनुसार, देवशयनी एकादशी से ही भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शैय्या पर योगनिद्रा में चले जाते हैं और चार मास पश्चात प्रबोधिनी एकादशी के दिन जाग्रत होते हैं। इसी कारण इस अवधि में धार्मिक साधना एवं आत्मचिंतन का विशेष महत्व बताया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अवसर पर सद्भाव, संयम और सदाचार का पालन करते हुए जनकल्याण और आत्मकल्याण के पथ पर आगे बढ़ें।

### रिक्त पीएलव्ही के 10 पदों की भर्ती के लिए आवेदन 21 जुलाई तक

**महासमुंद, 6 जुलाई।** नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं गुमशुदा बच्चों और बच्चों के खिलाफहोने वाले अन्य अपराधों के लिए रिक्त आरक्षी केन्द्रों तथा लीगल एड क्लिनिकों में एक-एक पैरालिगल वालंटियर की नियुक्ति की जाएगी। जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 21 जुलाई 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। पैरालिगल वालंटियर का कार्यदिवस एवं मानदेय के संबंध में नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा निर्धारण के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जाएगा। पैरालिगल वालंटियर की नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, कम्प्यूटर, मोबाईल एवं इंटरनेट का पर्याप्त ज्ञान होना एवं विधिक सेवा का कार्य करने की इच्छुक होना आवश्यक है। आरक्षी केन्द्रो से संबंधित एवं उनके नजदीक के युवक युवतियों, समाज सेवी, सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारी एवं विधि छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पैरालिगल वालंटियर के रिक्त 10 पदों के भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय महासमुंद के शासकीय वेबसाईट https://mahasamund.dcourts.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। अतः इच्छुक व्यक्ति जो उपरोक्त योग्यता रखता है वह दिनांक 21 जुलाई के साय 5 बजे तक अपना आवेदन रजिस्टार्ड डाक, कोरियर तथा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जिला न्यायालय परिसर, एडीआर भवन विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले में 4.15 लाख पुस्तक वितरित की

**महासमुन्द, 6 जुलाई।** कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के 1.44 लाख छात्र छात्राओं को 4.15 लाख पुस्तक वितरण किया गया है।जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री रेखराज शर्मा ने बताया कि निः शुल्क पाठ्य पुस्तक कक्षा पहली से दसवीं के सभी छात्रों प्रदाय किया जा रहा है जिसमें अशासकीय विद्यालयों के छात्रों को भी निः शुल्क पाठ्य पुस्तक दिया जाएगा ।संकुल समन्वयक आरिफबेग संकुल केंद्र अंकोरी विकासखण्ड बसना द्वारा पुस्तक वितरण का अवलोकन किया गया। विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला परगला की कुल दर्ज संख्या 51 हैं शाला मे 2 शिक्षक पदस्थ हैं प्रधान पाठक के रूप मे श्री सदाशिव चौहान (भूतपूर्व सैनिक )पदस्थ हैं शाला को युक्तियुक्तकरण मे वर्तमान मे एक और शिक्षक श्री खीरसागर भोई प्राप्त हुआ है।शासकीय प्राथमिक शाला परगला छत्तीसगढ़ की अंतिम सीमा मे बसा हुआ ग्राम पंचायत पलसा पाली का आश्रित ग्राम हैं इसके पश्चात उड़ीसा राज्य की सीमा प्रारम्भ हो जाती हैं वहां कक्षा 2 री के बच्चों को पुस्तक मिला तो छात्र गजेन्द्र नायक सहित सभी छात्र खुशी से झूम उठे।

## सीएम विष्णुदेव साय नवनिर्वाचित जिपं अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ में हुए शामिल

# ग्रामीण विकास की रीढ़ की हैं पंचायती राज संस्थाएं : सीएम



**रायपुर, 6 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के लिए तीन दिवसीय आधारभूत/उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के रूप में आप सभी के पास बहुत बड़ा अवसर और बड़ी जिम्मेदारी है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो एक व्यक्ति भी पूरे जिले की तस्वीर बदल सकता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से जनता की सेवा करने वालों को जनता स्वयं आगे बढ़ाती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत पंच के रूप में की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि राजनीति में आऊंगा। 10 वर्ष की आयु में पिताजी के स्वर्गवास के बाद मेरे कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। मेरा पूरा जीवन संघर्ष में बीता। मैं सरपंच भी बनूंगा, यह मैंने कभी कल्पना नहीं की थी, लेकिन जनता का आशीर्वाद मिला, जिससे विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुछ कर गुजरने के लिए संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण इच्छाशक्ति होती है। जनहित में कार्य करने की सोच से अकेला व्यक्ति भी बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे जिन प्रेरणादायी लोगों के जनसेवा के कार्यों को निकट से देखने का अवसर मिला, उनमें ओडिशा के डॉ. अच्युत सामंत और नानाजी देशमुख का उल्लेख करना चाहूंगा। अभावों में पले-बढ़े डॉ. अच्युत सामंत ने आजीवन जनता की सेवा का संकल्प लिया और भुवनेश्वर में एक बड़ा शिक्षण संस्थान स्थापित किया। इस संस्थान में वे लगभग 25 हजार जनजातीय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसी तरह, चित्रकूट में नानाजी देशमुख ने दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के माध्यम से 500 गांवों को गोद लेकर उनके सर्वांगीण विकास का कार्य किया। वर्ष 2006-07 में जब मैं वहां गया, तब मुझे पता चला कि अब तक 80 गांवों को उन्होंने आत्मनिर्भर बना दिया है। इन गांवों में हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य किया गया। ये उदाहरण हमें यह बताते हैं कि एक व्यक्ति भी कितना बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर दृष्टि से एक समृद्ध राज्य है। यहां 44 प्रतिशत भूभाग पर वन हैं। यहां की मिट्टी उर्वरा है और किसान मेहनतकश हैं। छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद एक बड़ी बाधा था, जिसे हम समाप्त कर रहे हैं। जो नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, उनके लिए हमने एक उत्कृष्ट पुनर्वास नीति बनाई है। जल्द ही राज्य नक्सलमुक्त होगा और बस्तर में सड़क, बिजली, पानी सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री साय ने बस्तर संभाग के मुलेर ग्राम का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के आदिवासियों को राशन के लिए 25 किलोमीटर का पैदल सफर करना पड़ता था, जिसमें तीन दिन लगते थे। कल्पना की जा सकती है कि यह इलाका विकास में कितना पीछे था। हमने मुलेर को अलग पंचायत बनाने का निर्णय लिया और वहां राशन दुकान खोली। जब मैं वहां गया, तो लोगों की खुशी उनके चेहरों पर साफदिखाई दे रही थी।

# खाद-बीज को लेकर एनएसयूआई ने दिया धरना



**अंवरी, 6 जुलाई।** कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले खाद एवं बीज की अनुपलब्धता से क्षेत्र के किसानों को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए, 5 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल के संयुक्त नेतृत्व में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कार्यालय कुकरेल के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी के मार्गदर्शन, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष विवेक कतलाम एवं विधानसभा महासचिव नेकु परते द्वारा किया गया जिसमें एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर डोमार मरकाम, विकास नेताम, रूपेश साहू, एकेंद्र ओटी, जानेश्वर मरकाम, उत्म ध्रुव, दीपेश ध्रुव, हितेश नेताम, मुकेश नेताम, इशू नेताम, वैभव ठाकुर एवं शेष सलाम सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के उपरांत क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर विधायक महोदय को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें निम्नलिखित मुख्य मांगें रखी गई। स्थानीय लाइब्रेरी में पुस्तक सुविधा की मांग यह संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सह संयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि एनएसयूआई छात्र और किसान हितों को लेकर हमेशा सजग और संघर्षशील है।

### मनेंद्रगढ़ में 13 जुलाई को लर्निंग लाइसेंस कैंप

**मनेन्द्रगढ़, 6 जुलाई।** जिले में सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2025 को विकासखंड मनेंद्रगढ़, डोमनापारा स्थित कोलस्टोर के पास गोंडवाना भवन में परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से विशेष ऋक्षह कैंप का आयोजन किया जाना है। इस शिविर के माध्यम से इच्छुक नागरिकों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आम लोगों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तक बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इस दिन जिले में संचालित सभी स्कूल बसों की फिटनेस की जांच की जाएगी ताकि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# फिल्टर प्लांट में 8 घंटे चला विद्युत मेंटेनेंस का कार्य

- द्वितीय पाली की पानी सप्लाई हुई प्रभावित
- महापौर के मार्गदर्शन में जलगृह प्रभारी देवांगन ने अधिकारियों के साथ कार्यों का लिया जायजा



**दुर्ग, 6 जुलाई।** रायपुर नाका स्थित 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से सभी टंकियों में सुचारू रूप से पानी भरने विद्युत व्यस्था चुस्त दुरस्त रखने प्लांट में स्थापित 1 हजार केवी उच्च क्षमता के विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर को नमी से बचाने पैनल बोर्ड को बाहर स्थापित करने व अन्य मेंटेनेंस कार्य हेतु आज नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा शटडाउन किया गया था जिसमें इलेक्ट्रिकल तकनीकी कर्मियों द्वारा लगभग 8 घंटे से अधिक समय तक कार्य किया गया किंतु कार्य कि आधिकता व देर शाम बारिश के चलते कार्य स्थगित किया गया है जिसके लिए आगामी दिनों में एक बार फिर शट डाउन लेकर कार्य पूर्ण किया जाएगा।रविवार सुबह पानी सप्लाई नार्मल हो जाएगी। महापौर अलका बाघमार के निर्देश में चल रहे कार्य का अवलोकन करने जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन भी मौके पर पहुंचकर कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियो का आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बरसात के दिनों में पानी सप्लाई के लिए बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखने हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जलगृह विभाग के उप अभियंता मोहित मरकाम, जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे विद्युत मेंटेनेंस के चलते बघेरा, बोरसी, पोटिया कातुलबोर्ड, सिकोला बस्ती, गंज मंडी, फिल्टर प्लांट टंकी व पुलगांव के टंकियों से द्वितीय पाली का पानी सप्लाई नहीं हुआ रविवार सुबह से पानी सप्लाई नार्मल रहेगा।

## समाचार संक्षेप

### बैठक में पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई



**धमतरी, 6 जुलाई।** निर्माण कार्यों की प्रगति को बढ़ावा देना और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दृष्टि से जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों की प्रगति और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करें। वित्तीय प्रगति की भी नियमित निगरानी के निर्देश दिए गये। वहीं सीईओ जिला पंचायत ने जिला पंचायत विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 के स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। विकास निधि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024- 25 तक के स्वीकृत कार्य जैसे गौठान पहुंच मार्ग से सीसी रोड निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण, अहाता निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला भवन में चिल्ड्रन गार्डन निर्माण कार्य,रंगमंच निर्माण कार्य। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, शेड निर्माण, चौक सौंदर्यीकरण। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत सीसी रोड निर्माण कार्य, श्मशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण, रंगमंच निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण।

### सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन



**कवर्धा, 6 जुलाई।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसके साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझाव को भी अमल में लाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।

### मिनी प्लग टाइप सीडलिंग यूनिट

# किसानों को गुणवत्तायुक्त व स्वस्थ पौधे उपलब्ध करा रही



- सालाना 20 लाख पौधों का उत्पादन, समय और लागत दोनों में लाभ

**रायपुर, 6 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार कृषि क्षेत्र में ऐसे तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनका सीधा लाभ किसानों को मिले और उनकी आय में वृद्धि हो। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समृद्ध किसान - सशक्त छत्तीसगढ़ के विजन को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

सूरजपुर जिले में स्थापित मिनी प्लग टाइप सीडलिंग यूनिटें किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण नवाचार साबित हो रही हैं। ये यूनिटें, जिनमें से एक शासकीय उद्यान दतिमा में और दूसरी शासकीय उद्यान खोरमा में स्थित है, किसानों को गुणवत्तायुक्त और स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराकर पारंपरिक बुवाई की चुनौतियों से मुक्ति दिला रही हैं। दोनों यूनिटों की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 लाख पौधों की है, जहाँ करेला, टमाटर, बैंगन, गेंदा, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा और तरबूज जैसी विभिन्न प्रकार की सब्जियां, मसाले और फूलों के पौधे तैयार किए जाते हैं।

इन यूनिटों में तैयार किए गए पौधे कीट-व्याधि से मुक्त, स्वस्थ और उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलती है। यदि किसान अपने बीज उपलब्ध कराते हैं, तो उन्हें मात्र 1.00 रुपये प्रति पौधा की दर से पौधे मिलते हैं, जबकि विभागीय बीज से तैयार पौधे 1.50 रुपये प्रति पौधा की दर से उपलब्ध कराए जाते हैं। किसानों की मांग पर, ये यूनिटें टमाटर और बैंगन के ग्राफ्टेड पौधे भी तैयार करती हैं, जो अधिक उपज देने में सहायक होते हैं। बीज से पौधे तैयार होने में सामान्यतः 25 से 30 दिन का समय लगता है, जिससे किसानों को समय पर रोपण के लिए उन्नत किस्म के पौधे मिल जाते हैं। यह सुविधा किसानों को पारंपरिक बीज बुवाई की समय लेने वाली और

## शाला में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने शिक्षकों को करना होगा घर-घर जाकर पालकों से सतत संपर्क

# कक्षा 10वीं और 12वीं में अनुत्तीर्ण छात्रों का रखना होगा रिकॉर्ड

- डीईओ ने ली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 जुलाई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के. वेंकट राव ने आज विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राव ने नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के बाद छात्रों की कक्षा पहली में प्रवेशित छात्रों की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा पहली के लिये चिन्हांकित समस्त बच्चों का प्रवेश जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुये, इन सभी प्रवेशित बच्चों में से पात्र बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बनाकर छात्रों को वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष कक्षाओं में अध्ययनरत पात्र छात्रों के भी जाति प्रमाण-पत्र प्राथमिकता क्रम में पूर्ण कराने के को कहा। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेने पर पता चला कि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है इस संबंध में सभी बीईओ को निर्देशित किया जो छात्र कक्षा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन छात्रों के घर संबंधित शाला के शिक्षक जाकर सतत पालक सम्पर्क करने और बच्चों को शाला में लाने को कहा। पालक सम्पर्क के लिये विधिवत रजिस्टर संधारित करने के भी निर्देश दिये गये। पाठ्यपुस्तक निगम से प्राप्त पुस्तकों को तत्काल स्केन कराकर अतिशीघ्र छात्रों को वितरित कर अध्यापन कार्य द्रुत गति से प्रारम्भ करने और माह जुलाई के पाठ्यक्रमों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। सभी शासकीय और अशासकीय शालाओं में पिछले वर्ष अध्ययन कर अनुतीर्ण छात्रों के ट्रेकिंग के लिये शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सभी शालाओं को अपने स्कूल में अनुतीर्ण छात्रों के अभिलेख संधारित करके रखने होंगे कि वे छात्र शाला त्यागी तो नही हो गए है और उन्हें पुनः पढ़ाई की मुख्यधारा में लाने के लिये ओपन स्कूल में परीक्षा दिलाकर वैकल्पिक रोजगार से जोडने् के लिये मार्गदर्शन और कैरियर काउंसिलिंग आयोजित कर इसका अभिलेख संधारित सभी शालाओं के द्वारा किया जायेगा।

### मिशन उत्कर्ष का पूरी तरह करना होगा पालन

सभी शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये रायगढ़ जिले में लागू मिशन उत्कर्ष के समस्त कंडिकाओं का पालन करना अनिवार्य होगा, जिसमें माह के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करना, साप्ताहिक, मासिक टेस्ट, त्रैमासिक टेस्ट, अर्द्धवार्षिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा संचालित करना, कमजोर और अच्छे बच्चों का चिन्हांकन और उनके लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन, आगमन निगमन पंजी का संधारण, गृह कार्य देना, शुरू से ही ब्लू प्रिंट के आधार पर अध्यापन जैसे कार्य नियमित और निर्धारित अंतराल में हर स्कूल को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

### विनोबा ऐप से उपस्थिति की होगी ट्रेकिंग

सभी शासकीय शालाओं में शाला में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी शाला लगने के प्रारंभिक समय में विनोबा एप में देनी होगी, साथ ही कक्षा पहली से आठवीं कक्षा अध्यापन करने वाले शिक्षकों को अपने द्वारा स्कूल में कराये गये गतिविधियों के फोटो और वीडियो भी अपलोड विनोबा एप में कर सकते है। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों के मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक और प्रीबोर्ड के परीक्षा परिणाम एक्सल शीट के माध्यम से अपलोड किया जाना है ताकि छात्रवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा सके। अब सीएसी भी अपने शालाओं का निरीक्षण ऑनलाइन मोड में विनोबा एप में करना होगा, ताकि निरीक्षण किये गये शालाओं को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सके।

## एक नजर

### पैरालिंपिक खिलाड़ी पलक हुई चोटिलः एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप से हुई बाहर

**जालंधर, 6 जुलाई (एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर की रहने वाली और पेरिस पैरालिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के दौरान चोटिल हो गईं। महिला सिंगल्स के फाइनल में तीसरे सेट के दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और उनका घुटना मुड़ गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। पलक को तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया और बाद में जांच में सामने आया कि उन्हें सर्जरी की जरूरत है। इस वजह से वह न सिर्फ फाइनल मुकाबला पूरा कर पाईं, बल्कि आगामी टूर्नामेंटों से भी बाहर होना पड़ा। इसे लेकर खुद पलक कोहली ने जानकारी साझा की है।



पलक ने कहा– यह सब संभालना मुश्किल है। जब खिताब के इतने करीब हों और फिर ऐसी चीज हो जाए जो आपके हाथ में न हो। लेकिन यही खेल है, यही जिंदगी है। मैंने सर्जरी करवा ली है और अब रिकवरी की राह पर हूं। वादा करती हूं कि और मजबूत एवं बेहतर होकर लौटूंगी।फ्र उन्होंने अपने समर्थकों, प्रशंसकों और टीम का भी धन्यवाद किया और कहा कि सभी के प्यार और दुआओं ने उन्हें इस मुश्किल वक्त में सहारा दिया। पलक कोहली भारत की सबसे प्रतिभाशाली पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए हैं और पेरिस पैरालिंपिक में भारत का नाम रोशन किया। फिलहाल पलक का पूरा ध्यान अपनी रिकवरी पर है और उनके प्रशंसक इस उम्मीद में हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर लौटकर एक बार फिर अपनी चमक बिखेरेंगी।

## विंबलडन

# जोकोविच की 100वीं सिंगल्स जीत





विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर नोवाक जोकोविच ने अपने करियर की 100वीं विंबलडन सिंगल्स जीत दर्ज की। उन्होंने सर्बिया के ही मियोमिर केकमानोविच पर 6-3,6-0, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी 7 साल की बेटी तारा जोकोविच ने डांस करके सभी का दिल जीत लिया। मैच के बाद जब जोकोविच ऑन-कोर्ट इंटरव्यू दे रहे थे, तो उनसे इस डांस के बारे में पूछा गया। इस पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ये डांस मेरी बेटी तारा और बेटे के साथ हमारी एक फैमिली ट्रेडिशन बन चुका है। इस गाने का नाम है 'पंप इट अप'।

### सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

टेनिस के वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के राउंड ऑफ16 में जगह बना ली है। उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को सीधे सेट में हरा दिया। दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स में भी नंबर-1 एरिना सबालेंका ने अपना मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बना ली।

### सिनर ने 3 डबल फॉल्ट किए

इटली के सिनर ने मार्टिनेज को 6-1, 6-3, 6-1 के अंतर से हराया। सिनर ने 3 बार अपनी सर्विस डबल फॉल्ट की और मार्टिनेज को पॉइंट्स दे दिए। मार्टिनेज ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। मेंस सिंगल्स में इटली के फ्लावियो कोबोली ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। उन्होंने चेक रिपब्लिक के याकुब मेनसिक को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

### मेंस डबल्स में भारत के बालाजी हारे

मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-6 जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। जो सालिसबरी और नील स्कूप्स्की की जोड़ी ने भारत के ऋत्विक चौधरी बोल्लिपाल्ली और कोलंबिया के निकोलस बारिंटोस की जोड़ी को 6-4, 7-6 (9-7) से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मेक्सिको के मिगुएल एंजल की जोड़ी को वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटिना के होरासियो जेबालोस और स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स ने उन्हें 6-4, 6-4 से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली।

### विमेंस सिंगल्स में जीतीं सबालेंका

विमेंस सिंगल्स के थर्ड राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने भी राउंड ऑफ16 में जगह बना ली। उन्होंने ब्रिटेन की एमा राडुकानू को 7-6 (8-6), 6-4 से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में ऑस्ट्रेलिया की डारिया कासाकिना, स्पेन की जेसिका बौजास मनेरो, स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक, डेनमार्क की क्लारा टौसोन और रूस की मारा एंड्रिवा ने भी राउंड ऑफ16 में जगह बना ली।

## क्रिकेट डायरी

# बर्मिंघम टेस्टः जीत से 7 विकेट दूर भारत

### इंग्लैंड को 90 ओवर में 536 रन चाहिए, आकाशदीप ने रूट-डकेट को बोल्ड किया

**बर्मिंघम, 6 जुलाई (एजेंसी)।** बर्मिंघम टेस्ट के पांचवें दिन भी भारत बेहद मजबूत स्थिति के साथ उतरेगा। टीम ने चौथे दिन अपनी दूसरी पारी 427 रन पर डिक्लेयर की और इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दे दिया। चौथे दिन इंग्लैंड ने 72 रन पर अपने 3 विकेट गंवा भी दिए। भारत को अब मुकाबला जीतकर सीरीज बराबर करने के लिए 7 विकेट चाहिए। दूसरी ओर इंग्लैंड को 90 ओवर में 536 रन और चाहिए। भारत अगर 7 विकेट नहीं ले सका तो मुकाबला ड्रॉ भी हो सकता है। पहली पारी में भारत ने 587 और इंग्लैंड ने 407 रन बनाए थे।

भारत ने चौथे दिन 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल ने 55 और ऋषभ पंत ने 65 रन की पारी खेली। उनके बाद कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा दिया। गिल ने रवींद्र जडेजा के साथ 175 रन की पार्टनरशिप की। जडेजा ने 69 रन बनाए। टीम ने पहली पारी में 180 रन की बढ़त के आधार पर 608 रन का टारगेट दिया। इंग्लैंड से दूसरी पारी में जैक क्रॉली खाता खोले बगैर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कैच कराया। बेन डकेट 25 और जो रूट 6 रन बनाकर आउट हुए, दोनों को आकाशदीप ने पवेलियन भेजा। ओली पोप 24 और हैरी ब्रूक 15 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों पांचवें दिन इंग्लैंड की पारी आगे बढ़ाएंगे। पढ़ें पूरी खबर... तीसरे दिन इंग्लैंड ने 77/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। मोहम्मद सिराज ने एक ही ओवर में जो रूट और बेन स्टोक्स को पवेलियन भेज दिया। रूट ने 22 रन बनाए, स्टोक्स खाता भी नहीं खोल सके। ब्रूक और स्मिथ ने फिर ट्रिपल सेंचुरी पार्टनरशिप की। ब्रूक 158 रन बनाकर आउट हुए, वहीं स्मिथ 184 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उनके सामने टीम 407 रन पर ऑलआउट हो गई।



### शुभमन 1 टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय

बर्मिंघम टेस्ट जीतने के लिए भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया। शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफमैच में 293 रन बनाए थे। शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने।

### नीरज चोपड़ा ने अपने नाम का टूर्नामेंट जीताः 86.18 मीटर भाला फेंककर पहले स्थान पर रहे

# कहा- इससे अच्छे स्कोर की थी उम्मीद

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शनिवार को अपने ही नाम 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' का टूर्नामेंट जीत लिया। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में नीरज ने अपने घरेलू दर्शकों के साथ 86.18 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। 27 साल के नीरज चोपड़ा पहली बार अपने देश में किसी वर्ल्ड क्लास इवेंट में हिस्सा ले रहे थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इस टूर्नामेंट को 'ए' कैटेगरी दी है।

टाइटल जीतने के बाद नीरज ने कहा- मैं इस डिस्टेंस से खुश नहीं हूं। मुझे अच्छे नतीजे की उम्मीद थी। यह मेरे लिए मेंटली टफथा, क्योंकि मुझे पता था कि लोग मुझसे जीत की उम्मीद कर रहे हैं। मुझ पर घरेलू दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था।'



**क्या है नीरज चोपड़ा क्लासिकः** नीरज चोपड़ा क्लासिक एक दिवसीय कॉन्टिनेंटल टूर मीटिंग है, जिसे वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड स्टेटस मिला है। यह भारत में आयोजित होने वाली पहली ट्रैक एंड फील्ड मीटिंग है। दुनिया भर में वर्ल्ड और कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और डायमंड लीग मीटिंग्स के अलावा, कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट्स की एक सीरीज होती है, जिन्हें कई श्रेणियों जैसे॰ (गोल्ड), क्र (सिल्वर), ष्ट (ब्रॉन्ज) और चैलेंजर इवेंट्स में बांटा गया है। गोल्ड स्टेटस के साथ, नीरज चोपड़ा क्लासिक डायमंड लीग के बाद सबसे बड़ा इवेंट माना जा रहा है। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर मार्क हासिल किया था

नीरज चोपड़ा ने जून में पेरिस डायमंड लीग (88.16 मीटर) और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक (85.29 मीटर) में जीत दर्ज की है। नीरज ने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में पहली बार अपने करियर में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। उनके पास सीजन का दूसरा सबसे अच्छा थ्रो (90.23 मीटर) है। केवल जर्मनी के जूलियन वेबर ने इस सीजन में दोहा में 91.06 मीटर से अधिक थ्रो किया है।

**कैसे शुरू हुआ नीरज क्लासिकः** नीरज चोपड़ा ने ओलिंपिक जीतने के बाद कहा था कि भारत में भी वर्ल्ड क्लास एथलेटिक्स इवेंट होना चाहिए। इस इवेंट में 12 टॉप इंटरनेशनल और भारतीय जैवलिन थ्रोअर्स ने हिस्सा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 254 रन की हुई

**ग्रेनेडा, 6 जुलाई(एजेंसी)।** ग्रेनेडा में हो रहे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ254 रन की बढ़त बना ली है। कंगारू टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 221 रन बना लिए हैं। एलेक्स केरी 26 और पैट कमिंस 4 बना कर क्रीज पर हैं।

इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रन पर सिमट गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। इसी आधार पर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी की शुरुआत में 33 रन की लीड मिली थी।

स्टीव स्मिथ ने 71 रन की पारी खेली। यह उनका 43 वां अर्धशतक था। स्मिथ के अलावा कैमरून ग्रीन ने भी 52 रन बनाए। शनिवार को पहले सेशन में टीम के 28 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद कैमरून ग्रीन और स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला।

स्मिथ ने ग्रीन के साथ चौथे विकेट के लिए 153 गेंदों पर 93 रन की साझेदारी की। उसके बाद उन्होंने ट्रैविस हेड के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 गेंदों पर 58 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन चाय के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने उन्हें LBW आउट किया।

एलेक्स केरी ने ट्रेविस हेड के साथ सातवें विकेट के लिए 47 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप की। बारिश के बाद शमार जोसेफ ने ट्रेविस हेड को बोल्ड किया। वेस्टइंडीज की ओर से तीसरे दिन जस्टिन ग्रीव्स, समर जोसेफने 2-2 विकेट लिए हैं। वहीं अलजारी जोसेफको 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज की टीम ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 253 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने पारी में 286 रन बनाए थे



## व्यापार

# जून में अनाज सस्ते पर दूध-तेल की महंगाई ने बढ़ाया बोझ

### वैश्विक खाद्य कीमतों में हलचल, खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (एजेंसी)।** एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5% की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1% नीचे है।

जून 2025 में वैश्विक खाद्य महंगाई को लेकर एक मिश्रित तस्वीर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जहां अनाज और चीनी जैसी बुनियादी चीजों के दामों में गिरावट से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूध, वनस्पति तेल और मांस जैसे जरूरी उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने थाली को महंगा कर दिया है।

इस बीच वैश्विक स्तर पर अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जगी है, लेकिन गर्मी और सूखे जैसे जलवायु जोखिमों ने भविष्य को लेकर चिंताएं गहरा दी हैं। एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5त्न की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1त्न नीचे है। जून में जहां अनाज और चीनी के दाम गिरे वहीं डेयरी, मांस और तेल की महंगाई ने महंगाई को ऊपर की ओर खींचा। जून में अनाज मूल्य सूचकांक 107.4 अंक पर दर्ज किया गया जो मई के मुकाबले 1.5त्न कम है। मक्का, जौ और ज्वार के दामों में गिरावट अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे उत्पादक देशों की आपूर्ति के कारण आई। हालांकि गेहूं महंगा हुआ क्योंकि यूरोप, रूस और अमेरिका में खराब मौसम की आशंकाओं ने कीमतों को ऊपर खींचा। एफएओ का अनुमान है कि वर्ष 2025 में वैश्विक अनाज उत्पादन 292.5 करोड़ टन तक पहुंच सकता है जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा।



**तेल की महंगाई ने ऊपर खींचा सूचकांक :** जून में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 2.3त्न चढ़कर 155.7 अंक पर पहुंच गया। पाम, सोया और रेपसीड तेल की कीमतों में तेजी आई, जबकि सूरजमुखी तेल सस्ता हुआ। पाम तेल की कीमत में लगभग 5त्न की वृद्धि हुई, क्योंकि वैश्विक मांग तेज रही। वहीं, सोया तेल की कीमतें अमेरिका और ब्राजील में बायोफ्यूल मांग के चलते बढ़ीं। रेपसीड तेल की कीमतें भी वैश्विक आपूर्ति की चिंता के कारण बढ़ीं।

**दूध और मक्खन फिर महंगे, एशिया से बढ़ी मांगः** डेयरी मूल्य सूचकांक में जून में 0.5त्न की वृद्धि हुई और यह 154.4 अंक पर पहुंच गया। मक्खन की कीमतों में 2.8त्न की छलांग के साथ यह 225 अंकों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी के पीछे ओशिनिया और यूरोपीय देशों में उत्पादन में कमी और पश्चिम एशिया से मांग में वृद्धि रही। न्यूजीलैंड में खराब मौसम और यूरोप में पर्यावरण नियमों के चलते पशुधन में कटौती ने आपूर्ति को प्रभावित किया। इसके अलावा अमेरिका में स्टॉक घटने से कीमतें और बढ़ीं।

### नवीन ऊर्जा, एआई अवसंरचना से रिलायंस का बाजार मूल्य 50 अरब डॉलर बढ़ेगा

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (एजेंसी)।** नवीन ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निवेश से कंपनी के बाजार मूल्य में अनुमानित 50 अरब डॉलर की वृद्धि होने की उम्मीद है। वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अरबपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र की यह कंपनी मूल्य सृजन के अपने अगले चरण के लिए कमर कस रही है। वर्तमान में 240 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की रिलायंस की भविष्य की वृद्धि इसके विविध कार्यक्षेत्रों, विशेष रूप से नवीन ऊर्जा और एआई के विस्तार पर निर्भर करती है। सृजन से जुड़ी (जेन) एआई रिलायंस के लिए अगला मोर्चा है क्योंकि यह जामनगर ऊर्जा परिसर को अपने ऊर्जा उत्पादन का मौद्रिकरण करने के लिए फिर से तैयार कर रहा है, जो जनरल एआई रैंप के लिए वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख बाधा है। मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा, हम नई ऊर्जा क्षेत्र से 60 अरब डॉलर तक के मूल्य सृजन की संभावना देखते हैं, क्योंकि रिलायंस रसायनों, डेटा केंद्रों और रिफाइनरियों को ऊर्जा प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनों का उपयोग करती है। रिलायंस ने कहा कि उसका नया ऊर्जा कारोबार 'पहले की तुलना में कहीं अधिक महत्वाकांक्षी, कहीं अधिक परिवर्तनकारी तथा कहीं अधिक वैश्विक दायरे वाला है।'




# आईपीओ सब्सक्रिप्शन में लगी ब्रेक! व्हाइट फोर्स का जीएमपी जस का तस

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (एजेंसी)।** जब बाज़ार में हर नया आईपीओ हाथों-हाथ लिया जा रहा है, ऐसे में हैप्पी स्क्वायर आउटसोर्सिंग सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ निवेशकों को उतना नहीं लुभा पाया है. आईपीओ के दूसरे दिन की सब्सक्रिप्शन रिपोर्ट बताती है कि व्हाइट फोर्स के प्रति निवेशकों का रुख ठंडा रहा और इसकी रफ्तार धीमी पड़ती जा रही है.

जहां आईपीी के पहले दिन कुल सब्सक्रिप्शन 39त्न था, वहीं दूसरे दिन यह आंकड़ा सिर्फ 59त्न तक ही पहुंच सका. इससे साफ संकेत मिलते हैं कि या तो निवेशकों को इसका मूल्यांकन आकर्षक नहीं लग रहा है, या फिर जीएमपी (ग्रे मार्केट प्रीमियम) में न के बराबर हलचल उनके भरोसे को डिगा रही है. ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने अब तक खास रुचि नहीं दिखाई है – जो आमतौर पर IPO के प्रति बाज़ार के भरोसे का प्रमुख संकेतक माना जाता है. व्हाइट फोस आईपीओ का जीएमपी फिलहाल 5 पर स्थिर है, जो इश्यू के कैप प्राइस 76 की तुलना में मात्र 6.5% प्रीमियम दिखाता है. विशेष बात यह है कि IPO खुलने से पहले भी GMP 5 ही था, और अब दूसरे दिन भी इसमें कोई बदलाव नहीं आया है. बाज़ार फिलहाल इस इश्यू को लेकर खास उत्साहित नहीं है. अधिकतर अनलिस्टेड मार्केट ट्रेडर्स इस IPO की ओर फ्लैट लिस्टिंग की संभावना जता रहे हैं. एक टेक-ड्रिवन HR आउटसोर्सिंग कंपनी है, जो भारत और अमेरिका में सेवाएं देती है. इसका बिज़नेस मॉडल एंड-टू-एंड HR सॉल्यूशन पर आधारित है( ये आंकड़े दर्शाते हैं कि कंपनी के टॉप और बॉटम लाइन दोनों में सुधार हुआ है, लेकिन निवेशकों को इसकी स्केलेबिलिटी और प्राइसिंग पावर को लेकर अब भी शंकाएं हैं.

कंपनी कोई OFS नहीं ला रही है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रमोटर्स की होल्डिंग बनी रहेगी. यह निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है.

### भारत मोबिलिटी एक्सपोः नई तारीख का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (एजेंसी)।** भारत के ऑटोमोबाइल और मोबिलिटी सेक्टर में नई तकनीकों और इनोवेशन को उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित? Bharat Mobility Global E&po की अगली तिथि घोषित हो चुकी है. अब यह इवेंट 4 फरवरी से 9 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा. आइए जानते हैं इस ग्लोबल एक्सपो का आयोजन कहां होगा और इस बार क्या कुछ नया देखने को मिलेगा. यह कोई आम ऑटो एक्सपो नहीं है, बल्कि यह आने वाले वर्षों की मोबिलिटी–चाहे वह इलेक्ट्रिक व्हीकल्स हो, मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट, खेती की मशीनरी या रोड-रेल-एयर सेक्टर–सब कुछ साथ लाता है. 2024 और 2025 में इसे दो बार आयोजित किया गया था, जबकि योजना थी कि हर दो साल में यह हो. अब इसे पुनः उसी फॉर्मेट में 2027 में आयोजित किया जा रहा है, जिससे वाहन निर्माता कंपनियों को नए प्रोडक्ट्स, तकनीक और सॉल्यूशंस तैयार करने और प्रदर्शित करने का पर्याप्त समय मिलेगा.

# डॉ अजय सहाय को हेल्थकेयर आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड

- अवॉर्ड बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के हाथों मिला
- राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर जयपुर में राष्ट्रीय सम्मान मिला

**रायपुर, 6 जुलाई।** अंचल में गरीबों के मसीहा और गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध डॉ अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल के हाथों हेल्थकेयर आइकॉन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। विदित हो कि डॉ सहाय विगत चार दशकों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, ट्राइबल्स और संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों तथा समाज के कमजोर तबकों के लिए सैकड़ों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों और जागरुकता अभियानों का आयोजन कर चुके हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और समृद्ध बनाने का यथा संभव प्रयास किया है। डॉ सहाय एक फिल्म अभिनेता, पटकथा लेखक, निर्माता और निर्देशक भी हैं।



उन्होंने ज्वलंत स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न इंफोटेनमेंट कार्यक्रमों की रचना की है। स्वच्छता अभियान पर केंद्रित डीडी किसान द्वारा प्रसारित धारावाहिक परिवर्तन का निर्देशन भी डॉ सहाय ने किया था। चिकित्सा, समाज सेवा और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के सम्मान मिल चुके हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

☎ 07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/327/लो.नि.वि./न.पा./2024-25 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 05/07/2025

**पांचवा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/श्रम विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार/एन.जी.ओ., जीवित पंजीकृत महिला स्वसहायता समूह से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समयावधि | ऑनलाईन निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 171635 | प्लेसमेंट एजेन्सी से कुशल/ अर्द्धकुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों की आपूर्ति। | 126.50 | 94900.00 | 12 माह | अंतिम तिथि 21.07.2025 फिजिकल जमा तिथि 25.07.2025 बिड खोले जाने की तिथि 29.07.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **http://uad.cg.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

## एक नजर

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर बृजमोहन अग्रवाल मीनल चौबे ने किया नमन



**रायपुर।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयन्ती पर नमन करने राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग में शारदा चौक के किनारे स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन 2 के सहयोग से पुष्पांजलि आयोजन रखा गया. संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, निगम संस्कृति विभाग द्यद्द अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य सर्वश्री अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन, जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, जोन 10 जोन अध्यक्ष श्री सचिन बी. मेघानी, रायपुर जिला शहर भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष श्री छगन लाल मुंदडा, सामाजिक कार्यकर्त्ता सत्यम दुआ, श्री सोनू सलूजा सहित विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सादर नमन किया.

### सुषमा भोई का प्रयास विद्यालय में चयन



**सुकमा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुकमा की कक्षा अष्टम की प्रतिभावान छात्रा कुमारी सुषमा भोई, पिता श्री विजय भोई जी का प्रयास विद्यालय, जगदलपुर में सुकमा जिले से द्वितीय स्थान पर चयन हुआ है! सुषमा ने कक्षा अष्टम की परीक्षा में 90प्र. अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर विद्यालय, परिवार व जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

### च्वाइस सेंटर से नकद सहित सामान पार

**रायपुर।** ग्राम रायता स्थित च्वाईस सेंटर का शटर तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 85500 रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विद्याभूषण वर्मा 34 वर्ष ग्राम रायता सिलयारी का रहने वाला है। प्रार्थी च्वाईस सेंटर चलाता है।

बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का शटर तोड़कर नकदी 85500 रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 94500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर में अवैध शराब परिवहन करते युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर वाहन में 100 पाव देशी शराब परिवहन करते आरोपी मनोज कुमार साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कांग्रेस की जनसभा कल, बनाए गए वाटर प्रूफ डोम

## सभा को संबोधित करेंगे खड़गे, तैयारी में जुटे वरिष्ठ नेता

- **कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे रायपुर**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर से गर्मी बढ़ने वाली है। कांग्रेस ने 7 जुलाई को रायपुर में किसान-जवान-संविधान सभा बुलाकर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाने की तैयारी कर ली है।

इस सभा में खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। दावा है कि इस ऐतिहासिक सभा में 25 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता, किसान और जवान जुटेंगे।

रैली के संबंध में कांग्रेस प्रदेश



प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे से पहले तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पायलट सभा स्थल का भी जायजा लेंगे और सभा से पहले प्रदेश कांग्रेस की बैठक ले सकते हैं। वहीं कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के सदस्य और एआईसीसी के समन्वयक गुरूदीप सप्पल भी दोपहर में चेन्नई से रायपुर पहुचेंगे। दो दिन के प्रवास में दोनों नेता यहां की तैयरियों का जायजा लेंगे।

**खड़गे छह घंटे रायपुर में रहेंगे**

सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोपहर 11.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल से होटल मेरिएट पहुंचेंगे। यहां से सभास्थल के लिए 12.30 बजे रवाना होंगे। 1 बजे से 3.30 बजे तक सभा स्थल पर रहेंगे।

**राजीव भवन में पीएसी और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेंगे**

प्रदेश कांग्रेस राजनीतिक एफेयर्स कमेटी की बैठक लेंगे। यहां की



राजनीतिक स्थितियों की समीक्षा के बाद आगे की रणनीति बनाएंगे। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के विस्तार और अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे। बैठक के बाद वे दिल्ली रवाना होंगे।

प्रदेश कांग्रेस ने इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। दीपक बैज ने कहा कि सभा के बाद प्रदेश के कार्यकर्ताओं, किसानों और जवानों को नई ऊर्जा और ताकत मिलेगी। साईंस कॉलेज मैदान की सभा में बारिश को देखते हुए कांग्रेस ने तीन वाटर प्रुफ डोम तैयार किए हैं।

**आने वाले चुनाव की तैयारी**

विशेषज्ञ मानते हैं कि कांग्रेस इस सभा के जरिए प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। खड़गे और वेणुगोपाल की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश की जाएगी। आने वाले दिनों में इस सभा के जरिए कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर तेवर भी दिखाएगी।

### दुर्ग से बाबा धाम के लिए स्पेशल ट्रेन

**रायपुर।** रेलवे ने बाबा धाम जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है. भारतीय रेलवे ने दुर्ग से पटना के बीच एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.

अब ट्रेन से बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को आठ दिन स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी. दरअसल,पहले भी इन दोनों स्टेशनों के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई थी, हालांकि वह सिर्फ दुर्ग से 06, 13, 20, एवं 27 जुलाई को उपलब्ध थी.

अब नए नंबर से इन दोनों स्टेशनों के बीच एक और स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है. यह ट्रेन दुर्ग से 07, 14, 21 एवं 28 जुलाई को छूटेगी. वहीं वापसी में नई स्पेशल ट्रेन 08, 15, 22 एवं 29 जुलाई को छूटेगी, जबकि पहले से घोषित ट्रेन 07, 14, 21, एवं 28 जुलाई को पटना से रवाना होगी. इन दोनों स्पेशल ट्रेनों में 1008 कन्फर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी.

## शराब दुकान में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा

### प्लेसमेंट कर्मी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लालपुर क्षेत्र में स्थित कंपोजिट शराब दुकान में बड़े पैमाने पर मिलावटी और बिना होलोग्राम वाली शराब बेचे जाने का मामला सामने आया है। इस घोटाले में प्लेसमेंट एजेंसी का कर्मचारी शेखर बंजारे गिरफ्तार हुआ है। आरोपी ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिनसे यह मामला और गहराता जा रहा है।

करीब 22 दिन पहले आबकारी विभाग और



फ्लाइंग स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारकर फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। जांच में यह बात सामने आई कि दुकान में लगभग 12 लाख रुपए का हिसाब-किताब नहीं मिला, जिसे शॉर्टेज माना गया है। इसके साथ ही वहां मिलावटी शराब और बिना होलोग्राम वाली बोतलें बेची जा रही थीं।

गिरफ्तार आरोपी शेखर बंजारे ने पूछताछ में बताया कि यह पूरा गोरखधंधा दुकान के इंचार्ज अधिकारियों की जानकारी में था, और इसके बदले उन्हें मोटी रकम दी जाती थी। मामले में दूसरा आरोपी सागर सोनवानी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर अब तक राज्यस्तरीय उड़नदस्ता को नहीं सौंपी गई है।

## शराब घोटाले के आरोपी एपी त्रिपाठी की बढ़ी मुश्किलें

### झारखंड एसीबी ने पूछताछ करने मांगी अनुमति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपी अरुणपति त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ गई है। झारखंड की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विशेष सचिव एपी त्रिपाठी से पूछताछ करने की अनुमति मांगी है।ष्ठक्क ने रांची के स्पेशल कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट के लिए आवेदन लगाया है। मामला झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़ा हुआ है।

एसीबी रांची की टीम ने शनिवार को स्पेशल जज योगेश कुमार सिंह की अदालत में प्रोडक्शन वारंट आवेदन दिया।



आवेदन मंजूर होने के बाद झारखंड एसीबी की टीम त्रिपाठी को रांची ले जाकर पूछताछ करेगी। एपी त्रिपाठी पर छत्तीसगढ़ जैसे शराब घोटाले की साजिश के आरोप है। क्योंकि त्रिपाठी झारखंड में लागू की गई नई शराब नीति के डिजाइन में शामिल थे। आरोप है कि झारखंड के निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे ने एपी त्रिपाठी के साथ मिलकर झारखंड में भी छत्तीसगढ़ जैसी घोटाले की साजिश रची थी। झारखंड एसीबी इस मामले में पहले ही विनय चौबे समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। माना जा रहा है कि त्रिपाठी से पूछताछ के बाद झारखंड शराब घोटाले से जुड़े कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

झारखंड एसीबी का आरोप है कि एपी त्रिपाठी झारखंड में लागू की गई नई शराब नीति के डिजाइन में शामिल रहे थे। यही मॉडल छत्तीसगढ़ से प्रेरित था। आरोप है कि इस नीति के जरिए बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ और सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। बता दें कि एपी त्रिपाठी अप्रैल 2025 में ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर रिहा हुए थे। वे छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी की कार्रवाई के बाद लंबे समय तक जेल में थे। अब झारखंड एसीबी के प्रोडक्शन वारंट के चलते उनकी कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं।

## तोमर बंधुओं की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी

**रायपुर।** रायपुर में अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। न्यायालय ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है और उन्हें जांच में शामिल होने के लिए निर्देशित किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है और अब उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।



वीरेन्द्र और रोहित तोमर, उनके रिश्तेदारों और साथियों पर धमकी, ब्लैकमेल और अवैध वसूली से जुड़े पांच मामले दर्ज हैं। रोहित तोमर के खिलाफ एक मारपीट का केस भी चल रहा है। जांच के दौरान मिली नकदी और आभूषणों को आयकर विभाग को सौंपा गया है, जबकि संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि भाठागांव में 5000 वर्गफीट में बना 'साई विला' वीरेन्द्र की पत्नी के नाम पर है। इसके अलावा अभनपुर और भनपुरी समेत कई जगहों पर उनके नाम से जमीनें पाई गई हैं। यदि आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं होते, तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। पुलिस कई टीमों के साथ आरोपियों की लोकेशन का पता लगाने में जुटी है। तकनीकी जांच के ज़रिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जांच के दौरान नए शिकायतकर्ता भी सामने आए हैं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनसे भारी ब्याज दरों पर पैसा वसूलने के बावजूद गिरवी रखी संपत्तियों के कागजात और चेक वापस नहीं किए।

## पीएम आवास के नाम पर धोखाधड़ी

### अफसरों से दोस्ती का देता था झांसा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में केंद्र सरकार की महती योजना में पलीता लगाने कई बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर ठग रहे हैं। राजेंद्र नगर पुलिस ने एक मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने गरीबों से पीएम आवास दिलाने के नाम पर पैसा लिया। इसके बाद फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, प्रफुल्ल कुमार बंजारी की निगम में एन जिल्लैया उर्फ एन जीतू से मुलाकात हुई। उसने प्रफुल्ल को झांसा दिया कि निगम की ओर से अमलीडीह में पीएम आवास के तहत मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें वह प्रफुल्ल को भी आवास दिला सकता है। इसके लिए दो लाख रुपए लगेंगे। वह राजी हो गया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में कुल 2 लाख रुपए दे दिया। इसके बाद भी उन्हें पीएम आवास नहीं दिया। जीतू ने उसे रकम भी वापस नहीं की और न ही आवास दिलाया। इसकी शिकायत पीड़ित ने राजेंद्र नगर थाने में की। पुलिस ने आरोपी जीतू पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

जीतू ने प्रफुल्ल से ही नहीं, बल्कि कई गरीबों से आवास दिलाने का झांसा देकर पैसे लिए हैं। प्रफुल्ल की तरह ही बुद्ध विहार राजेंद्र नगर निवासी नर्मदा खुंटे को तीन पीएम आवास दिलाने का आश्वासन दिया। इसके एवज में उनसे 7 लाख 50 हजार रुपए लिया। इसी तरह जोरा निवासी दीक्षा जांगड़े से 2 लाख, सुनील कुमार पात्रे से 2 लाख रुपए ले चुका है। किसी को आवास नहीं दिलाया।

## दोस्त की हत्या, आरोपी को उम्रकैद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में 9 अप्रैल 2024 को हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला को अपने ही दोस्त विजय यादव की निर्मम हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने साथ ही 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जिसे न चुकाने की स्थिति में उसे तीन महीने अतिरिक्त जेल में रहना होगा।



विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) की अदालत में चली सुनवाई में अतिरिक्त लोक अभियोजक बसंत गोंड ने बताया कि यह हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई थी। आरोपी ने अपने दोस्त विजय यादव को राजेंद्र नगर इलाके के एक स्कूल के पास बुलाया और वहां धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को हीरा ग्रुप की नर्सरी की झाड़ियों में छिपा दिया। आरोपी रूपेश कुमार बिहार के मोतिहारी जिले का रहने वाला है और उरला इलाके में एक किराये के मकान में रह रहा था। वहीं उसकी दोस्ती विजय यादव से हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक विजय ने दोस्ती के चलते रूपेश को किराना दुकान से उधारी पर सामान दिलवाया था, लेकिन रूपेश पैसे नहीं लौटा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार बहस हुई थी। विजय अक्सर सार्वजनिक रूप से उसे उधारी चुकाने के लिए टोकता था, जिससे नाराज होकर रूपेश ने यह खौफनाक कदम उठाया। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए कठोर सजा दी। यह फैसला समाज में एक मजबूत संदेश देता है कि आपराधिक सोच और विश्वासघात की ऐसी घटनाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

### नवा रायपुर का होगा सुनियोजित विकास : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में आवास एवं पर्यावरण विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अतंर्गत संचालित कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, सचिव आवास एवं पर्यावरण श्री अंकित आंनद, एन आर डी ए के सी.ई.ओ श्री चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त श्री अवनीश शरण, रायपुर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ. श्री आकाश छिकारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ पक्षी

### वन विभाग के ड्रोन कैमरे में हुआ कैद



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश से उदंतीसीता नदी अभ्यारण्य के कुल्हाड़ी घाट रेंज में मौजूद शेष पगार झरना अपने पूरे शबाब पर है. अभ्यारण्य प्रशासन इसकी खूबसूरती को ड्रोन कैमरे में कैद कर रही थी, तभी एक दुर्लभ शिकारी पक्षी ड्रोन कैमरे में कैद हो गई. झरने के मनमोहक दृष्य को पक्षी के मौजूदगी ने चार चांद लगा दिए हैं, जिसका वीडियो भी सामने आया है.

उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि कैमरे में कैद पक्षी का नाम पेरेग्रीन फल्कान है. यह दुनिया का सबसे तेज गति से उड़ने वाला पक्षी है, जो 320 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से उड़ता है. यह पक्षी हवा में ही दूसरे पक्षियों का शिकार कर लेता है. इसे बर्ड ऑफ प्रे की उपाधि मिली हुई है. उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि शेष पगार झरना और यहां की समृद्ध जैव विविधता क्षेत्र पर्यटकों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. बता दें, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद और धमतरी जिलों में फैला उदंती-सीतानदी अभ्यारण्य प्राकृतिक सुंदरता और दुर्लभ वन्यजीवों का अद्वितीय घर माना जाता है.

## छत्तीसगढ़ में जमीन खरीद-बिक्री हुई आसान

### पारदर्शी बनाने नई तकनीकी व्यवस्था लागू

**रायपुर।** रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन से जुड़ी लेन-देन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए एक नई तकनीकी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब आम लोगों को जमीन से जुड़ी जानकारी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही किसी बिचौलिए की मदद लेनी होगी। इस सुविधा को पंजीयन विभाग की वेबसाइट और 'सुगम' मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

नया सिस्टम बेहद सरल है: नागरिक वेबसाइट या ऐप पर जाकर अपने जिले, तहसील और गांव की जानकारी भरते हैं, संबंधित जमीन का खसरा नंबर दर्ज करते हैं और गूगल मैप के जरिए उसकी लोकेशन चुनते हैं।

इसके बाद गाइडलाइन रेट,



स्टांप ड्यूटी, पंजीयन शुल्क और अन्य विवरण कुछ ही सेकंड में स्क्रीन पर दिखाई देने लगते हैं।

महानिरीक्षक पंजीयन विभाग, पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि इस बार गाइडलाइन दरों को तय करने के लिए डिजिटल टूल्स और नई तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे ये दरें बाजार मूल्य के अधिक समीप होंगी।

विभाग ने गाइडलाइन दरों में 1.5 से 2 गुना तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे जल्द ही शासन को सौंपा जाएगा और कैबिनेट की मंजूरी के बाद पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

इस नई प्रणाली से कई लाभ सामने आएंगे—जमीन से जुड़ी जानकारी अब पूरी तरह पारदर्शी होगी, फर्जीवाड़े की संभावनाएं घटेंगी, और 2017 से लागू पुरानी दरों की जगह अब नई, अधिक उपयुक्त दरें लागू होंगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आम नागरिक अब खुद ही अपनी जमीन की जानकारी देख सकेंगे, जिससे वे अधिक जागरूक और सशक्त बनेंगे। सरकार का यह डिजिटल कदम न केवल जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक अहम पहल साबित होगा।

## स्टंटबाजों के खिलाफ हुई कार्रवाई

- **6 कार ड्राइवरों पर लगा जुर्माना**

**रायपुर।** नवा रायपुर की सड़कों पर गाड़ियां लेकर हुड़दंग मचाने वाले नाबालिगों के किलाफ कार्रवाई की गई है। नाबालिगों ने अपनी गाड़ियों ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सड़कों पर तेज गाड़िया दौड़ाई थी और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जिसके बाद प्रशासन ने इनके खिलाफ कार्रवाई की है।

नवा रायपुर की सड़कों पर फर्जी तरीके से संवैधानिक पदों का धौंस दिखाते हुए सड़क पर स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने छह नाबालिग कार चालकों पर कार्रवाई की है। इन नाबालिगों ने अपनी गाड़ियों में पुलिस अधिकारी, जज और एंटी करप्शन ब्यूरो अधिकारी जैसे



पदनामों की फर्जी नेम प्लेट और लाल-नीली बत्तियां लगाई थी।युवकों ने कार की छत और बोनट पर बैठकर स्टंट किए और उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए।

वीडियो सामने आने के बाद एसपी के निर्देशन में यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वीडियो फुटेज से छह वाहनों की पहचान की। वाहनों के पंजीयन नंबर ट्रेस कर वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया गया।अगले दिन सभी वाहन मालिक चालक और दस्तावेजों सहित यातायात कार्यालय में पहुंचे।

मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 37 हजार 600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही सभी से भविष्य में ऐसी गलती न करने का शपथ-पत्र भरवाया गया। परिजनों को चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में नाबालिगों को वाहन चलाने दिया गया तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के 6 ड्राइवर पराग अग्रवाल, कबीर खान, मोहित कुकरजा, आरिज़ खान, आर्यन अयतुलवार और केतन ऋषि 4 जुलाई को अपनी गाड़ियां लेकर वीआईपी रोड और नवा रायपुर में स्टंट कर रहे थे। जिमसें उन्होंने सीजी 04-क्यूएफ-5670, एचआर26-सीपी-8962, सीजी04-एनएल-5895, एमपी04-सीक्यू-0270, सीजी04-क्यूए-2145, डब्ल्यूबी02-एई-7720 नंबर की गाड़ियों का उपयोग किया था।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26